Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED, Tel:** +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them In the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

बुराई का दहन



ऋषिकेश

देशभर में विजयादशमी की धूम

बुराई के प्रतीक रावण का जलाया गया पुतला

नई दिल्ली। देशभर में मंगलवार को दशहरा की धूम रही। बुराई के प्रतीक रावण का दहन किया। राजधानी दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में स्वच्छता और 'स्वच्छ भारत मिशन' को बढ़ावा देने के लिए काकरोच का पुतला भी दहन हुआ। विजयादशमी के मौके पर अमृतसर पंजाब में पौराणिक महाकाव्य रामायण के पात्रों की वेशभूषा में कलाकारों ने प्रस्तुति भी दी। नवी मुंबई के ओल्ड पनवेल में, पनवेल ट्रैफिक ब्रांच द्वारा चलाए गए प्रवर्तन अभियान के दौरान, जब्त किए गए मॉडिफाइड मोटरसाइकिल एग्जॉस्ट को राक्षस राज रावण की आकृति वाली एक रंगोली के ऊपर रखा गया है।



पटना



नई दिल्ली



अमृतसर



नवी मुंबई



जोधपुर

अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो व जयशंकर ने की रक्षा संबंधों और ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा

अमेरिका और भारत की रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का संकल्प

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मुख्य रूप से ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक बातचीत की। यह बातचीत दोनों देशों के संबंधों में जारी तनाव के बीच हुई। जयशंकर और रुबियो की यह मुलाकात, अमेरिका के शीर्ष राजनयिक के मुंबई पहुंचने के कुछ ही समय बाद हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, 'मुंबई में, भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर और मैंने ऊर्जा सुरक्षा तथा रक्षा सहयोग पर चर्चा की, और साथ ही अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के महत्व को दोहराया।' शीर्ष राजनयिक ने भारत-अमेरिका ऊर्जा संबंधों और साथ ही बुधवार को जामनगर में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रिफाइनरी की अपनी यात्रा के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने कहा, 'ऊर्जा को इस्तेमाल के लायक बनाने के लिए, आपको उसे शोधित करना पड़ता है। आपके पास एक ऐसी कंपनी है जिसके पास शोधन की बहुत बड़ी क्षमता है। मुझे लगता है कि मुझे उनसे बात करनी चाहिए, खासकर तब जब इसमें अलग-अलग देश शामिल हों।' उन्होंने कहा, 'हम एक ऐसी कंपनी के पास जा रहे हैं, जिसके पास शोधन की बहुत बड़ी क्षमता है। उनसे इस बारे में बात करना बिल्कुल सही रहेगा। अगर आप उनसे बात नहीं करेंगे, तो किसी चीज को समझना या यह देखना बहुत मुश्किल होगा कि क्या संभावनाएं हैं।' अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के सवाल पर भी प्रतिक्रिया दी।

दोनों देशों के संबंधों में जारी तनाव के बीच मुंबई में हुई चर्चा



तीन दिवसीय भारत यात्रा

अमेरिकी विदेशमंत्री भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हैं। इससे पहले, विदेश मंत्री के तौर पर उनकी पहली भारत यात्रा लगभग पांच महीने पहले हुई थी। जयशंकर के साथ बातचीत से पहले रुबियो ने ताज स्मारक का दौरा किया और 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पचक्र अर्पित किया। इन हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों सहित कई लोग मारे गए थे।

व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश

पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और रूसी तेल के पांच सबसे बड़े खरीदारों, जिनमें भारत भी शामिल है, पर लगाए गए कुछ प्रतिबंधों को निलंबित कर दिया था। रुबियो ने कहा, 'हम अभी भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हम ऐसा करने के बहुत करीब हैं। इसलिए जब राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी छूट या इस तरह के अन्य मामलों पर कोई फैसला लेते हैं तो हम इन बातों को भी ध्यान में रखते हैं।' भारत और अमेरिका 2025 की शुरुआत से ही एक प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। इसका उद्देश्य शुल्क संबंधी विवादों को सुलझाना, गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाना और दोनों देशों के बीच बाजार तक पहुंच को बढ़ाना है। भारत चाहता है कि अमेरिकी बाजार में उसके सामान पर उसके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बेहतर शुल्क दरें लागू हों।

हम समझौते के करीब : जयशंकर

जयशंकर ने कुछ दिन पहले कहा था कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता अब समझौते के अंतिम चरण के करीब पहुंच रही है। पिछले साल अमेरिका द्वारा भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाए जाने और ट्रंप द्वारा मई 2025 में भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव को कम करने में अपनी भूमिका के दावे किए जाने के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में काफी गिरावट आई थी। ट्रंप के इन दावों पर भारतीय अधिकारियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। अमेरिका की नयी आव्रजन नीति और एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने के फैसले ने भी भारत-अमेरिका संबंधों में गिरावट में योगदान दिया। इसके अलावा, जब अमेरिका ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो जैसी प्रमुख वैश्विक और भारतीय आईटी कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण ग्रीन-कार्ड प्रोसेसिंग प्रोग्राम को सीमित करने का फैसला किया तो दोनों देशों के संबंधों में और अधिक तनाव आ गया।

काकरोच पार्टी के संस्थापक दीपके ने कहा

'हमारे आंदोलन की तुलना नेपाल-बांग्लादेश से न करें'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी चीफ अभिजीत दीपके ने मंगलवार को वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे प्रदर्शनों की तुलना नेपाल और बांग्लादेश के सत्ता बदलाव वाले हिंसक प्रदर्शन से करना ठीक नहीं। दीपके ने कहा- सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी पर सीजेपी समर्थक शांत रहें। खुद पर नफरत को हावी न होने दें। आंदोलन को शांति और प्रेम के रास्ते पर चलते रहना चाहिए। मैसेज टु ऑल कॉकरोचेस हैडिंग से जारी वीडियो में दीपके ने कहा,

■ मैसेज टु ऑल कॉकरोचेस हैडिंग से जारी किया वीडियो



'सौरव दास और आशुतोष रांका का शांतिपूर्वक जेल जाना गांधीवादी सत्याग्रह का सबूत है। दोनों मुस्कुराते हुए जेल गए और उनके मन में गुस्सा या नफरत नहीं थी। हमने हिंसा का रास्ता नहीं चुना।' बता दें, प्रतिबंधित जंतर-मंतर में झंडा फहराने के लिए गिरफ्तार सौरव, आशुतोष की न्यायिक हिरासत 5 दिन से और दो दिन बढ़ा दी गई है।

'भारत के प्रदर्शन विदेशी आंदोलनों से अलग'

दीपके ने फ्रांस में हुए हिंसक युवा दंगों और बांग्लादेश-नेपाल के सत्ता बदलाव आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा, 'जो लोग लगातार उंगली उठाकर कहते हैं कि फ्रांस में देखिए क्या हो रहा है, उन्हें शर्म आनी चाहिए। भारत में जो हो रहा है, उसे देखिए। दीपके बोले- सौरव दास और आशुतोष दोनों को पता था कि उन्हें गैरकानूनी तरीके से जेल भेजा जा रहा है। इसके बावजूद वे शांति से जेल गए।

अन्नामलाई ने 'काकरोचों' की गिरफ्तारी पर उठाया सवाल

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और 'वी द लीडर्स' आंदोलन के संस्थापक के. अन्नामलाई ने मंगलवार को कोयंबटूर में कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी जिन मुद्दों को उठाना चाहती है, मैं उनका समर्थन करता हूँ। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक अन्नामलाई ने संवाददाताओं कहा, 'मैं अपने देश में हो रही कुछ घटनाओं को लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मुझे लगता है कि दिल्ली पुलिस ने कानून अपने हाथ में ले लिया है और न्यायाधीश मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लेते हैं।'के. अन्नामलाई ने सीजेपी नेताओं की गिरफ्तारी के मुद्दे पर कहा कि इन सवालों का जवाब सरकार को देना चाहिए। लेकिन किसी उल्लंघन के आरोप में सीजेपी के नेताओं को गिरफ्तार करने और फिर जेल में उन्हें परेशान करने से सीजेपी के नेता और मजबूत ही होंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे इसका डर है। दिल्ली पुलिस अपने इस रवैये से बहुत नुकसान पहुंचा रही है।'



रूस ने किया बड़ा अटैक

12 शहरों पर मिसाइल हमले आधे यूक्रेन की बिजली गुल

एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने रात और सुबह देश के कई क्षेत्रों में ऊर्जा ठिकानों पर हमले किए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय के पहले उप मंत्री आर्टेम नेक्रासोव के मुताबिक, रूस ने किरोवोहराद, झितोमिर, लवीव, ओडेसा, रिव्ने, टेरनोपिल और खमेलनित्स्की क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाया। इन हमलों के कारण कुछ उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यूक्रेन की सरकारी बिजली कंपनी उक्रेनर्गो ने बताया कि 20 अक्टूबर की सुबह देश के 12 क्षेत्रों में बिजली कटौती हुई। इनमें किरोवोहराद, झितोमिर, लवीव, ओडेसा, रिव्ने, टेरनोपिल, खमेलनित्स्की, जापोरिज्जिया, दोनेत्स्क, खारकीव, सूमी और चेर्निहाइव शामिल हैं। कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ताजा हमले की वजह से आधे यूक्रेन में बिजली गुल हो गई है। कंपनी के मुताबिक, पहले से क्षतिग्रस्त बिजली उपकरणों पर अतिरिक्त दबाव पड़ने से बचाने के लिए पूरे यूक्रेन में उद्योगों की बिजली आपूर्ति सीमित की जाएगी। कुछ क्षेत्रों में हर घंटे बिजली कटौती का शेड्यूल भी लागू किया जाएगा।



16 बैलिस्टिक मिसाइलों से बनाया निशाना

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बीते दिन दावा किया था कि रूस ने मिसाइलों और ड्रोन की एक और लहर के जरिए देश में 28 बिजली सबस्टेशनों और ऊर्जा से जुड़े अन्य अहम ठिकानों पर हमला किया। जेलेंस्की के मुताबिक, इस हमले में 16 बैलिस्टिक मिसाइलों और 200 से ज्यादा ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

डॉ. हिमांशु द्विवेदी की डिप्टी सीएम अरुण साव से खास बातचीत

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

लीग में छत्तीसगढ़ के उभरते खिलाड़ियों के साथ भारतीय हॉकी के कई अनुभवी नाम भी हिस्सा लेंगे। इनमें ओलंपियन सुरेंद्र कुमार, प्रदीप मोर, एसवी सुनील, ललित कुमार उपाध्याय, शमशेर और चिंगलेनसाना सिंह कंगुजम शामिल हैं। लीग के एंबेसडर पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान सरदार सिंह हैं।सरदार सिंह के अनुसार, यह लीग छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक

▶▶| शेष पेज 3 पर

अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 1 नवंबर तक होंगे मैच, पहले दिन राजधानी रॉयल्स और न्यायधानी नाइट्स में होगा मुकाबला

देश की पहली छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आज आगाज, छह टीमों के 132 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हॉकी को बढ़ावा देने और स्थानीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए बुधवार से छत्तीसगढ़ हॉकी लीग की शुरुआत हो रही है। आज शाम 5:30 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लीग की शुरुआत करेंगे। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खड़से समेत राज्य के खेल मंत्री अरुण साव उपस्थित रहेंगे। यह राज्य की पहली आधिकारिक राज्य स्तरीय हॉकी लीग है। प्रतियोगिता रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें राज्य के

▶▶| शेष पेज 3 पर



छह टीमें, अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें राजधानी रॉयल्स, बैलाडीला बुल्स, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स, चक्रधर चैंपियंस, न्यायधानी नाइट्स और मैनपाट टाइटंस शामिल हैं। सभी टीमें लीग के दौरान एक-दूसरे

▶▶| शेष पेज 3 पर

पहले दिन राजधानी रॉयल्स और न्यायधानी नाइट्स आमने-सामने

लीग के पहले दिन गुरुवार 22 अक्टूबर को शाम 5:30 बजे महिला प्रदर्शनी मैच खेला जाएगा। इसके बाद शाम 7:30 बजे राजधानी रॉयल्स और न्यायधानी नाइट्स के बीच मुकाबले के साथ लीग के मैचों की शुरुआत होगी। टूर्नामेंट में कुल 18 मैच खेले जाएंगे। 30 अक्टूबर को आराम का दिन रहेगा, जबकि 31 अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 1 नवंबर को

▶▶| शेष पेज 3 पर

अरुण साव बोले- युवा खिलाड़ियों को मौका मिले इसलिए हॉकी लीग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खास खबर

प्रदेश के डिप्टी सीएम और खेल मंत्री अरुण साव का कहना है कि छत्तीसगढ़ से हॉकी के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं। हमारे राज्य के युवा खिलाड़ियों को मौका देने के लिए ही हॉकी लीग का आयोजन किया जा रहा है। हमारे राज्य में चार शहरों में पांच एस्ट्रो टर्फ भी है। पहला आयोजन तो राजधानी रायपुर में कर रहे हैं, पर आने वाले समय में दूसरे शहरों में मैचों का आयोजन करेंगे। इस बड़े आयोजन पर हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनसे खास बातचीत की। पेश हैं प्रमुख अंश-

■ क्या ऐसा हुआ जो हॉकी लीग का आयोजन किया जा रहा है?

■ वास्तव में छत्तीसगढ़ में हॉकी के बड़े-बड़े दिग्गज खिलाड़ी हुए हैं। चाहे ओलम्पियन हम विसेंट लकड़ा की बात करें, ओलम्पियन रेणुका यादव की बात करें, पद्मश्री सबा अंजुम की बात करें या मृणाल चौबे की बात करें, और अभी-अभी तो हमारी बहतराई स्टेडियम की दो बेटियां मधु और गीता, यह जूनियर वूमेन टीम में शामिल होकर एशिया कप जीतकर आई हैं, स्वर्ण लेकर आई हैं। तो वास्तव में छत्तीसगढ़ में हॉकी को लेकर बड़ी जागरूकता रही है। एक तरफ जहा जशपुर जैसे सुदूर अंचल में हॉकी खेली जाती है, वहीं हमारे राज्य की संस्कारधानी जिसे हम बोलते हैं राजनांदगांव, उसे तो हॉकी की नर्सरी कहा जाता है। और दूसरी बड़ी बात यह है कि हमारे राज्य में चार स्थानों पर पांच एस्ट्रोटर्फ हैं। तो मुझे लगा कि जब हमारे पास छत्तीसगढ़ में हॉकी के इतने अधोसंरचना मौजूद हैं, हॉकी का वातावरण मौजूद है, हॉकी के बड़े-बड़े खिलाड़ी छत्तीसगढ़ ने दिए हैं तो आज जो युवा खिलाड़ी हैं, उनको मौका मिले। और इसीलिए मेरे दिमाग में यह विषय आया कि हम छत्तीसगढ़ में हॉकी का बड़ा आयोजन करेंगे।

■ एक आपने बड़ी महत्वपूर्ण बात बताई कि पांच एस्ट्रोटर्फ चार शहरों में हैं। तो क्या इस लीग के अंतर्गत आप अन्य शहरों में भी मैच कराएंगे या सारे मैचे रायपुर में ही होंगे?

■ इस बार तो हमने तय किया है कि चूंकि पहला अनुभव है, पहला आयोजन है, इसलिए

▶▶| शेष पेज 3 पर

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹109708/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹133990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹146262/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels
Pandri, Raipur

छत्तीसगढ़ में दो नई रेल सेवाओं की शुरुआत, रावघाट और कुरुद से रायपुर तक सफर हुआ आसान

10 साल बाद पटरी पर लौटी रायपुर-कुरुद रेल सेवा, याद आया बचपन, परिवार के साथ सफर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया यात्री रेल सेवाओं का शुभारंभ, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल माध्यम से जुड़े



रायपुर से कुरुद के बीच 10 साल बाद ट्रेन का परिचालन शुरू होने से मंगलवार को लोगों के चेहरों पर खुशियां लौट आईं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए ट्रेन का पहला सफर किसी उत्सव से कम नहीं रहा। 2017 को छोटी रेल लाइन पर ट्रेनों के पहिए थमने के बाद लोगों को बसों से सफर करना पड़ रहा था।





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब नई मेमू ट्रेन शुरू होने से लोगों की पुरानी यादें ताजा हो गईं और आवागमन का एक नया विकल्प भी मिल गया, दूसरी ओर आजादी के बाद पहली बार रावघाट तक रेल पहुंची। मंगलवार को दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाते हुए ट्रेन को कुरुद के लिए रवाना किया।

उद्घाटन के अवसर पर पहले दिन ट्रेन से सफर करने के लिए राजिम, धमतरी और आसपास के 20 से

▶▶| शेष पेज 3 पर

कुछ महीनों में धमतरी तक भी ट्रेन चलने लगेगी

केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे नेटवर्क के विस्तार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। आज लोगों की यह मांग पूरी हो रही है। रावघाट से शुरू होकर ट्रेन रायपुर तक चलेगी, जबकि रायपुर से कुरुद तक भी यात्री रेल सेवा शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में रायपुर से धमतरी तक भी ट्रेन चलने लगेगी।

बचपन की यादें हुईं ताजा

नई ट्रेन में सफर करने पहुंचे 65 वर्षीय बलदाऊ ठाकुर के लिए यह यात्रा पुरानी यादों को फिर से जीने जैसी रही। उन्होंने हरिभूमि को बताया कि 10 साल पहले वह महज पांच रुपये में रायपुर से कुरुद तक ट्रेन से गए थे। ट्रेन से जुड़ी कई यादें उनके मन में थीं, जो मंगलवार को फिर ताजा हो गईं। वह अपने नाती-पोतों और दोस्तों के साथ सफर करने पहुंचे थे। बलदाऊ ठाकुर ने कहा कि 10 साल में ट्रेन की लंबाई, स्टेशन और पूरी व्यवस्था बदल गई है।

रेलवे के बजट में हुआ बड़ा इजाफा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए शुभ है। राज्य को दो नई यात्री रेल सेवाओं की सौगात मिली है। रावघाट में खड़ी ट्रेन रायपुर तक आएगी, जबकि कार्यक्रम में मौजूद दूसरी ट्रेन कुरूद के लिए रवाना होगी। आने वाले दिनों में धमतरी तक भी रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि राज्य में रेलवे के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय छत्तीसगढ़ को रेलवे के लिए करीब 300 करोड़ रुपये का बजट मिलता था, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर लगभग 7,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

हरिभूमि-आईएनएच का 'कृषि संवाद' 24 को, कृषि मंत्री, विशेषज्ञ, किसान, उद्योग जगत के प्रतिनिधि होंगे शामिल



कृषि मंत्री नेताम, कृषि उत्पादन आयुक्त, विशेषज्ञ, किसान संगठनों और उद्योग जगत के प्रतिनिधि पांच पैनलों में करेंगे चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कृषि विकास और किसान कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विमर्श के लिए हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा शनिवार, 24 अक्टूबर को 'कृषि संवाद 2026' का आयोजन किया जाएगा। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी संवाद करेंगे। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद ऑडिटोरियम में दोपहर दो बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार, कृषि प्रशासन, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, किसान संगठनों, कृषि आधारित उद्योगों

▶▶| शेष पेज 3 पर

पांच पैनलों में होंगे कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि

पैनल-1 : सरकार और कृषि नीति

इस पैनल में कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम तथा कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी (आईएएस) शामिल होंगे। इस पैनल में शासन और कृषि नीति से जुड़े पक्ष सामने आएंगे। कृषि संबंधित सवालों, भविष्य की योजनाओं और जिज्ञासाओं से जुड़े विषयों पर मंथन होगा और सवाल-जवाब होंगे।

पैनल-2 : कृषि प्रशासन, शिक्षा और वित्त

इस पैनल में उद्यानिकी एवं वानिकी के संचालक जगदीश एस., कृषि संचालक राहुल देव (आईएएस), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल तथा नाबार्ड के महाप्रबंधक शीतांशु शेखर शामिल होंगे।

पैनल-3 : किसान संगठन और किसानों के मुद्दे किसान संगठनों की ओर से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष

▶▶| शेष पेज 3 पर

खबर संक्षेप

विसर्जन जुलूस के दौरान पटाखा विस्फोट, छह झुलसे

भदोही। भदोही जिले के चौरी थानाक्षेत्र में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पटाखा विस्फोट होने से कम से कम छह लोग झुलस गए। यह घटना चौरी थाना क्षेत्र में 'चौरी बाजार दुर्गा पूजा समिति' द्वारा आयोजित विसर्जन जुलूस के दौरान हुई। पटाखा फोड़ने के दौरान उठी चिंगारी आतिशबाजी करने वाले शुभम विश्वकर्मा (25) के पटाखों से भरे बड़े बैग मे गिरने से विस्फोट हो गया।

वाराणसी में नमो घाट पर कल से हवाई प्रदर्शन

वाराणसी। भारतीय वायुसेना की ओर से वाराणसी में 22, 24 और 25 अक्टूबर को 'नमो घाट' पर भव्य हवाई प्रदर्शन का आयोजन होगा। 'इंडियन एयरफोर्स एरियल डिस्प्ले 2026' के नाम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में होने वाले इस कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना अपनी ताकत और हवाई युद्ध कौशल का प्रदर्शन करेगी। इसके जरिए भारतीय वायुसेना की गौरवशाली विरासत, आधुनिक हवाई क्षमता और देश की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया जाएगा।

सीवर की सफाई के दौरान नौ माह में 31 मौतें

नई दिल्ली। इस वर्ष अब तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 31 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ मामलों में मुआवजे का पूरा भुगतान किया जा चुका है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने यह जानकारी दी। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 2026 में अब तक सबसे अधिक आठ लोगों की मौतें हरियाणा में हुई है। इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली में छह-छह, उत्तर प्रदेश में तीन, जबकि गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में दो-दो लोगों की मौत हुई है।

बाइक की भिड़ंत के बाद आग, तीन युवकों की मौत

जयपुर। राजस्थान के सिरोही जिले में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत के बाद आग लगने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सोमवार देर रात आबूरोड सदर थाना क्षेत्र में तलवार नाका के पास हुआ। कुछ युवक अंबाजी की ओर जा रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिल तेज रफ्तार में थीं।

जिम्बाब्वे को 92 रन से रौंदा

भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक, सीरीज क्लीन स्वीप



■ हरमनप्रीत प्लेयर ऑफ द मैच

■ शेफाली प्लेयर ऑफ द सीरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रायपुर में खेले गए टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 92 रन से करारी शिकस्त देकर जीत की हैट्रिक पूरी कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर 216 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 124 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में अपना दबदबा कायम रखते हुए क्लीन स्वीप किया। हरमनप्रीत कौर को उनकी शानदार 91 रन की नाबाद पारी के लिए **प्लेयर ऑफ द मैच** चुना गया। वहीं, शेफाली वर्मा को पूरे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए **प्लेयर ऑफ द सीरीज** का पुरस्कार मिला।

शेफाली ने दी तूफानी शुरुआत

टॉस के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली वर्मा और अनुश्का शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। शेफाली ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

▶▶| शेष पेज 3 पर

सीएम ने देखा क्रिकेट मैच

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को स्टेडियम मैच देखने पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव और हर्ष का अवसर है कि नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ की धरती पर पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट श्रृंखला का आयोजन प्रदेश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



पीएम मोदी ने किया रावण दहन, गिनाए देश के 3 दुश्मन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की राजनीति के कई दिग्गज दशहरा समारोह में शामिल हुए। रावण दहन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि देश के मान-सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतें, समाज में फूट डालने वाले लोग और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाली सोच ऐसी चुनौतियां हैं, जिनका सामना देश को मिलकर करना होगा।



सीएम ने चलाया तीर, जला रावण



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री ऐतिहासिक डब्ल्यूआरएस मैदान में आयोजित विजयादशमी महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने हजारों लोगों की उपस्थिति और प्रभु श्रीराम के जयकारों के बीच धनुष-बाण से रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया। उन्होंने विजयादशमी की हार्दिक बधाई देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच कारोबार का नया रास्ता

कपड़े-जूते और दवाइयों पर 'जीरो' ड्यूटी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

भारत और न्यूजीलैंड के बीच कारोबार का नया रास्ता खुल गया है। दोनों देशों के बीच 20 अक्टूबर 2026 से मुक्त व्यापार समझौता लागू हो रहा है। इसके समझौते के तहत न्यूजीलैंड भारतीय सामान पर आयात शुल्क खत्म करेगा। इससे भारत में बने कपड़े, जूते, चमड़े के उत्पाद, दवाएं और इंजीनियरिंग से जुड़े सामान न्यूजीलैंड में पहले के मुकाबले सस्ते पड़ेंगे। दूसरी तरफ, भारत भी न्यूजीलैंड के कई उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट देगा। इसमें भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए न्यूजीलैंड में काम करने के अवसर, स्किल्ड वर्कफोर्स के लिए वीजा और कृषि क्षेत्र में सहयोग जैसे प्रावधान भी हैं। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बावजूद डेयरी, प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम, कृत्रिम शहद और चीनी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को इस व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है।



न्यूजीलैंड को क्या होगा फायदा?

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड के कई उत्पादों पर भारत भी आयात शुल्क में रियायत देगा। न्यूजीलैंड को भारत सेब, कीवी, मनुका शहद और एल्बुमिन जैसे कुछ उत्पादों के लिए विशेष आयात व्यवस्था भी देगा। इन उत्पादों पर शुल्क आधारित कोटा और अन्य शर्तें लागू होंगी। कुछ मामलों में न्यूनतम आयात मूल्य और सुरक्षा उपाय भी रखे गए हैं।

भारत के निर्यातकों को उम्मीद

इस समझौते का सबसे बड़ा फायदा भारतीय निर्यातकों को मिलने की उम्मीद है। भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट इफेक्ट में आने के बाद न्यूजीलैंड में मेड-इन-इंडिया उत्पादों को ड्यूटी-फ्री मार्केट एक्सेस मिलेगा। यानी समझौता लागू होते ही भारत से निर्यात होने वाले ज्यादातर सामानों को न्यूजीलैंड में बिना आयात शुल्क चुकाए एंट्री मिलेगी। इससे भारतीय कंपनियों के लिए न्यूजीलैंड में अपना सामान बेचना आसान होगा।

दोनों देशों के बीच कितना कारोबार

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 11 फीसदी घटकर 1.15 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह करीब 1.3 अरब डॉलर था। इस दौरान भारत ने न्यूजीलैंड को 566.51 मिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया और वहां से 589.1 मिलियन डॉलर का आयात किया। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का मकसद सिर्फ शुल्क घटाना नहीं, बल्कि व्यापार की मात्रा बढ़ाना और कंपनियों के लिए नए अवसर तैयार करना है।

चिंतन

ऊर्जा कूटनीति में बढ़ता भारत का कद



मुद्दा
प्रो.(डॉ.) मनोज दयाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने वाले कानून को फिलहाल रोकने के फैसले से भारतीय निर्यातकों को राहत मिली है, लेकिन इसे स्थायी समाधान मानना भूल होगी। यह घटनाक्रम बताता है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में कूटनीति, आर्थिक हित और चुनावी राजनीति किस तरह एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। भारत के लिए यह राहत अपनी ऊर्जा नीति की कमजोरियों को दूर करने का अवसर है। रूसी तेल पर बढ़ती निर्भरता, घटते मूल्य लाभ और अमेरिकी प्रतिबंधों का जोखिम दीर्घकालिक रणनीति पर पुनर्विचार की मांग करते हैं। तेल आयात के स्रोतों में विविधता, रणनीतिक भंडार का विस्तार और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ही भारत ऐसी नीति बना सकता है, जो बाहरी दबावों से मुक्त होकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे।

वैश्विक राजनीति में किसी देश की ताकत केवल उसकी सैन्य क्षमता, आर्थिक आकार या तकनीकी प्रगति से नहीं आंकी जाती, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह दुनिया की जरूरतों को पूरा करने में कितनी निर्णायक भूमिका निभा सकता है। ऊर्जा क्षेत्र में भारत तेजी से इसी मुकाम की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का भारत को 'रिफाइनिंग महाशक्ति' कहना इसी बदलती वैश्विक हकीकत का संकेत है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब युद्ध, प्रतिबंधों और आपूर्ति में अनिश्चितता के बीच ऊर्जा सुरक्षा दुनिया की बड़ी आर्थिक और कूटनीतिक चुनौती बनी हुई है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता अब घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में उसकी बढ़ती ताकत का आधार है। भारत की विशेषता विभिन्न देशों से कच्चा तेल खरीदकर उसका प्रसंस्करण करने और पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करने की क्षमता है। भारतीय रिफाइनरियां अलग-अलग गुणवत्ता वाले कच्चे तेल के प्रसंस्करण में सक्षम हैं। यही कारण है कि वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के उत्पादन और विपणन में भारत की भूमिका की संभावनाएं अमेरिका को आकर्षित कर रही हैं। रूबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ वेनेजुएला में तेल उत्पादन को लेकर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की प्रस्तावित चर्चा का उल्लेख किया है। यह भारत की औद्योगिक क्षमता और ऊर्जा क्षेत्र में उसकी उपयोगिता की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रमाण है। भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से भी यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है। व्यापार, तकनीक और रक्षा के साथ ऊर्जा दोनों देशों के सहयोग का अहम स्तंभ है। वेनेजुएला में संभावित साझेदारी से निवेश, उत्पादन और आपूर्ति के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि, वहां लागू प्रतिबंधों और संबंधित नियमों की बाधाओं को दूर करना आसान नहीं होगा। इसलिए किसी भी समझौते को राजनीतिक सद्भाव के बजाय व्यावसायिक व्यवहार्यता और भारत के दीर्घकालिक हितों की कसौटी पर परखना जरूरी है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता सर्वोपरि हैं। देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव, समुद्री मार्गों पर संकट और प्रतिबंध भारतीय अर्थव्यवस्था, महंगाई तथा आम उपभोक्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। रूस से तेल खरीद को लेकर पश्चिमी देशों के दबाव के बीच आपूर्तिकर्ता देशों में विविधता लाना समझदारी है। वेनेजुएला सहित विभिन्न स्रोतों से तेल हासिल करने के विकल्प भारत की सौदेबाजी की क्षमता बढ़ा सकते हैं। लेकिन एक देश पर निर्भरता घटाकर दूसरे पर निर्भर हो जाना समाधान नहीं है। कीमत, गुणवत्ता, परिवहन लागत और भू-राजनीतिक जोखिम का संतुलित आकलन जरूरी है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता उसकी ताकत है, लेकिन इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता समाप्त नहीं होती। वास्तविक ऊर्जा सुरक्षा के लिए घरेलू उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन और विद्युत परिवहन को बढ़ावा देना होगा। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का विस्तार और आपूर्ति के वैकल्पिक मार्गों की तैयारी भी जरूरी है। अब चुनौती इस क्षमता को निवेश, सुरक्षित आपूर्ति और आर्थिक लाभ में बदलने की है। भारत को केवल तेल का बड़ा खरीदार नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता और सहयोग का भरोसेमंद भागीदार बनना चाहिए। यही ऊर्जा कूटनीति में उसके बढ़ते कद का वास्तविक अर्थ है।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े भारत

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक हस्ताक्षर ने भारतीय निर्यातकों को फिलहाल राहत की सांस दी है। रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाला कानून लिंडसे ओ ग्राहम सेक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट-2026 लागू होने से ठीक 24 घंटे पहले रोक दिया गया। यह महज एक कानूनी छूट नहीं है। यह तो कूटनीति, तेल की राजनीति और अमेरिकी घरेलू चुनाव का मिला-जुला परिणाम है। सवाल अब यह नहीं है कि खतरा टला कैसे। सवाल यह है कि इस अस्थायी राहत को भारत स्थायी अवसर में कैसे बदले? क्योंकि यह खतरा टला है। मिटा नहीं है। 18 अक्टूबर 2026 वह तारीख थी।जब इस कानून के तहत भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान जैसे रूस के 5 सबसे बड़े तेल ग्राहकों के उत्पादों पर अमेरिका में 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगना था। रूस पर यह शुल्क 500 प्रतिशत तक था, लेकिन 16 अक्टूबर को व्हाइट हाउस ने आदेश जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय हित में इस कानून को छूट देने का निर्णय लिया है। यह आदेश उसी हफ्ते आया जब ट्रम्प ने दावा किया कि पुतिन ने अमेरिका और वैश्विक बाजार के लिए 3 लाख टन डीजल तुरंत, नवंबर में 5 लाख टन और उसके बाद 10 लाख टन अतिरिक्त डीजल देने पर सहमति दी है। इसके बाद 30 लाख टन डीजल और रिलीज किया जाएगा।

पहला सुझाव यहीं से निकलता है। भारत को समझना होगा कि अमेरिका का ऊर्जा निर्णय नैतिकता नहीं, आवश्यकता से चलता है। जब अमेरिका में कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया, तो ट्रम्प ने रूस से ही डीजल मांग लिया। यानी प्रतिबंध का सिद्धांत बाजार के दबाव में झुक जाता है। भारत को भी अपनी नीति को नैतिक दबाव में नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक तर्क पर रखना चाहिए और दुनिया को यह तर्क आक्रामक तरीके से समझाना चाहिए। इस यू-टर्न के पीछे दूसरा बड़ा कारण अमेरिका के मध्यावधि चुनाव हैं, जो एक महीने से भी कम समय में होने वाले हैं। अमेरिकी मीडिया ने स्पष्ट लिखा कि तेल के दाम बढ़ने से मतदाता नाराज होता है।अगर भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगता, तो वैश्विक सप्लाई चेन टूटती, शिपिंग लागत बढ़ती और अमेरिकी पंप पर पेट्रोल महंगा हो जाता। ट्रम्प यह जोखिम नहीं ले सकते थे।

दूसरा सुझाव है कि चुनावी राजनीति को कूटनीतिक हथियार बनाइए। अमेरिका पर दबाव बनाने का सबसे अच्छा समय वही है।जब वहां महंगाई चुनावी मुद्दा हो। भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड डील की बातचीत में इस बात को लिंक करना चाहिए कि भारत सस्ता रूसी तेल खरीदकर दरअसल वैश्विक तेल कीमतों को स्थिर रख रहा है। अगर भारत बाजार से निकल गया, तो कीमतें 120-130 डॉलर तक जा सकती हैं, जिसका सीधा नुकसान अमेरिकी उपभोक्ता को होगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम थी, कुछ अनुमानों में तो 0.2 प्रतिशत ही थी। आज वही रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। इस वर्ष भारत औसतन 18.2 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल खरीद रहा है। जून 2026 में यह आंकड़ा 26 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया था, जुलाई में 25.7 लाख बैरल और अगस्त में घटकर 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। अगस्त में भी रूस का



हिस्सा भारत के कुल आयात का 45 प्रतिशत था। उक्त आंकड़ों से तीसरा सुझाव निकलता है।

तीसरा सुझाव है कि हमें घटते डिस्काउंट का गणित अवश्य ही समझना होगा। 2023 में रूसी तेल पर 40 डॉलर तक का डिस्काउंट मिल रहा था, जो जुलाई 2026 में घटकर 1-2 डॉलर ही रह गया था। सितंबर में फिर यह 23 डॉलर हुआ। यानी सस्ते तेल का युग अब वैसा नहीं रहा। भारत को केवल डिस्काउंट के पीछे नहीं भागना चाहिए। भारत ने 2022 से 2025 के बीच रूसी तेल से करीब 12 बिलियन डॉलर बचाए, लेकिन अब लागत में शिपिंग, इंश्योरेंस और अमेरिकी दबाव का जोखिम भी जोड़ना होगा। रिफाइनरियों को एक फॉर्मूला बनाना चाहिए - यदि ट्रंप टैरिफ वापस आता है तो 5 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त खर्च को झेलने के लिए कम से कम 13.7 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट चाहिए।

चौथा सुझाव है कि हमें आयात टोकरी में विविधता लानी होगी। 45 प्रतिशत निर्भरता खतरनाक है। चाहे वह मध्य पूर्व पर हो या रूस पर। भारत को अपनी टोकरी फिर से संतुलित करनी होगी। वेनेजुएला, ब्राजील, गुयाना और अफ्रीका से दीर्घकालिक अनुबंध करने का यह सही समय है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने भी कहा है कि यह छूट अस्थायी है, स्थायी समाधान नहीं।

पांचवां सुझाव है कि हमें रणनीतिक भंडार बनानी होगी। जब जून में 26 लाख बैरल रोज खरीद रहे थे, तब भंडार भरने का सुनहरा मौका था। भारत का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व अभी केवल 9-10 दिन का है। इसे बढ़ाकर 90 दिन करने का लक्ष्य रखना चाहिए, जैसा अमेरिका और जापान के पास है। जब डिस्काउंट ज्यादा हो, तो भंडार भरिए, जब कम हो तो उसका उपयोग कीजिए। यह राहत 100 प्रतिशत टैरिफ से मिली है। पर याद रखिए। भारत पर पहले से ही अमेरिका का 18 % पटैरिफ लगा हुआ है, जो अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। इसलिए भारत सरकार और उद्योग के लिए 4 और व्यावहारिक सुझाव है।

छठा सुझाव है दस्तावेजीकरण और पारदर्शिता लाएं। अमेरिका का आरोप है कि भारत रूसी तेल को रिफाइन कर यूरोप को बेच रहा है। भारत को अपने रिफाइनरी डेटा को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए और यह साबित करना चाहिए कि आयात घरेलू खपत के लिए है।

सातवां, हम रुपया-रूबल तंत्र को मजबूत करें। डॉलर में भुगतान करने पर अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा रहता है। रुपया-रूबल में व्यापार को संस्थागत बनाइए ताकि अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से टकराव कम हो।

आठवां, हम ट्रेड डील को गति दें। यह सबसे अच्छा मौका है। अमेरिका ने खुद कानून रोका है, इसका मतलब वह बातचीत चाहता है। भारत को इस विंडो में अमेरिका के साथ एक छोटी लेकिन ठोस ट्रेड डील कर लेनी चाहिए, जिसमें ऊर्जा को प्रतिबंधों से बाहर रखा जाए।

नौवां और अंतिम, हम ऊर्जा में आत्मनिर्भरता का रोडमैप तैयार करें।सुझात्मक पत्रकारिता का अंतिम लक्ष्य समाधान है। दीर्घकाल में समाधान रूसी तेल नहीं है। समाधान है-ग्रीन हाइड्रोजन, इथेनॉल ब्लेंडिंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और घरेलू तेल उत्पादन। जब तक हम 85 प्रतिशत तेल आयात करेंगे, तब तक हर अमेरिकी चुनाव और हर रूस-यूक्रेन मिसाइल हमारे बजट को हिलाती रहेगी। अतः निष्कर्ष के रूप में हम कह सकतें हैं कि ट्रम्प का यह आदेश भारत के लिए एक लाइफलाइन है। लेकिन लाइफलाइन पर हमेशा लटका नहीं जा सकता। भारत को इस मोहलत का उपयोग एक ऐसी ऊर्जा नीति बनाने में करना चाहिए जो न तो वाशिंगटन में लिखी जाए, न मॉस्को में, बल्कि दिल्ली में-भारतीय हित में।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सतर्कता
डॉ. मोनिका शर्मा



अंधेरा नहीं प्रकाश फैलाने का काम करें स्क्रीन सितारे

देश-दुनिया से जुड़े मामलों में सोची-समझी रणनीति संग बोलने वाले फिल्मी सितारों को स्वयं अपने दायित्वबोध को लेकर भी तो सचेत चाहिए, क्योंकि युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन की दुनिया से जुड़े लोकप्रिय चेहरों द्वारा आमजन के विचार-बर्ताव गहराई से प्रभावित होते हैं। यहां तक कि पर्दे पर दिखती कोई फिल्मी भूमिका भी लोगों के मन तक उतर जाती है। बीते दिनों 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फिल्मी कलाकारों अपील की कि वे ऐसी चीजों का प्रचार न करें, जिनसे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू के अनुसार 'अत्यधिक लोकप्रिय फिल्मी कलाकारों में देश के लोगों, विशेषकर युवाओं को प्रभावित करने की बड़ी ताकत होती है। ऐसे में जब जनप्रिय सितारे अनुशासित जीवनशैली के महत्व के बारे में चर्चा करते हैं, तो लोग उस पर ध्यान देते हैं। लोग उनका अनुसरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं भारत के बड़े सितारों से निवेदन करना चाहूंगी कि वे ऐसी किसी भी चीज का प्रचार न करें जो शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है। एक सितारे का काम प्रकाश फैलाना होता है। अंधेरा नहीं।' वस्तुतः, यह बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि जनप्रियता अपने साथ जिम्मेदारी भी लाती है। फिल्मी दुनिया से जुड़े चेहरों की बातें और बर्ताव न केवल चर्चा का विषय बनते हैं, बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। सोशल मीडिया की बढ़ती पहुंच के कारण अब फिल्मी सितारों द्वारा वर्चुअल स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री भी युवाओं के मानस पर दस्तक देने लगी है। पल-पल सामने आते अपने पसंदीदा चेहरों के द्वारा किए गए विज्ञापन तो बहुत सरलता से युवाओं को किसी बुरी लत, नकारात्मक बर्ताव या जीवन को असहज करने वाली आदत का अनुसरण करके के मार्ग पर धकेल देते हैं। स्पष्ट है कि लोकप्रिय चेहरों का हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। युवा और किशोर ऐसी प्रचार सामग्री से भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, नई पीढ़ी की मनःस्थिति पर सीधा असर करते हैं। सामाजिक-पारिवारिक जीवन से जुड़ी उनकी सोच बदलते हैं। व्यक्तिगत जिंदगी की दिशा तय करते हैं। ऐसे में समझना कठिन नहीं कि लोकप्रिय चेहरों द्वारा हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। वस्तुतः, जन-कल्याण से जुड़े सजगता लाने वाले विज्ञापन हों या विशुद्ध व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुंच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियां मोटी धनराशि चुकाकर इन सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं, बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के उपयोग की सलाह देते भी दिखते हैं। इसीलिए किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे सन्देश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों का दायित्व है। चर्चित चेहरों को एक आम नागरिक के रूप में भी अपनी जवाबदेही का स्मरण होना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी कहा जा चुका है कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर नौ अरब डॉलर का ख़र्च होता है।विचारणीय है कि हर तरह के उत्पाद के प्रचार के लिए फिल्मी हस्तियों को आगे करने की सोच दुनिया के हर हिस्से में है। उनकी ख्याति को अपने उत्पाद की पहुंच बढ़ाने का माध्यम बनाने की व्यावसायिक रणनीति सदा से रही है। नतीजतन, यह स्पष्ट दिखता है कि फिल्मी चेहरों द्वारा प्रचारित बहुत से नुकसानदेह उत्पादों-सेवाओं ने सहजता से लोगों के जीवन में स्थान बना लिया है। विशेषकर शराब, तंबाकू, कर तरह के शीतल पेय और कई तरह की गेमिंग एवं ऑनलाइन गतिविधियों के खतरे तो जग-जाहिर हैं। ऐसे में लोकप्रिय सितारों को जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझना चाहिए। ध्यातव्य है कि महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे द्वारा भी राष्ट्रपति का वीडियो साझा करते हुए कहा गया कि प्रभाव का मतलब छूट नहीं है। किसी खाद्य उत्पाद के प्रचार की बात आती है तो स्वास्थ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता। कलाकारों को अपने प्रभाव के साथ ही कानून का सम्मान करते हुए किसी उत्पाद, व्यवहार या आदत का प्रचार करते समय अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

अंतर्मन



आज की पाती

अराजकता के पीछे के चेहरे पहचानना जरूरी

लोकतंत्र में सरकारों के विरुद्ध असंतोष व्यक्त करना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन जब विरोध प्रदर्शन हिंसा, आगजनी, तोडफ़ोड़ और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का माध्यम बन जाएं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि विरोध के पीछे केवल जनाक्रोश है या कोई अपने निहित स्वार्थों के लिए इस आक्रोश का इस्तेमाल भी कर रहा है। इन दिनों यूरोप के अनेक देशों में उभरते विरोध प्रदर्शनों ने इसी चिंता को गहरा किया है। फ्रांस, इटली, अल्बानिया, पुर्तगाल और बेल्जियम में महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट, शिक्षा तथा सरकारी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ मांगें जायज हो सकती हैं, लेकिन अराजकता फैलाने से किसी भी देश का भला नहीं होगा।

- मनोज कश्यप, जगदलपुर

ट्रेंड

अपने संसाधनों पर भरोसा रखें



हमें अपने संसाधनों पर भरोसा रखना चाहिए। अपने संकल्प को शक्ति में बदलना चाहिए और अपनी मेहनत से समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। क्योंकि भगवान श्रीराम ने हमें सिखाया है कि कठिनाइयां हमारी यात्रा को रोक नहीं सकतीं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

आतंक की कोई जगह नहीं



आतंकवाद को सही ठहराने का कोई आधार नहीं हो सकता। इससे निपटने में दोहरे मापदंड नहीं हों। आतंकवादियों को धन देने वालों, उनका समर्थन करने वालों या उन्हें सुरक्षित ठिकाने मुहैया कराने वालों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। **-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

भाजपा लोगों को बांट रही



देश में हर कोई जानता है कि बांटने वाली पॉलिटिक्स कौन कर रहा है। भाजपा नेता लोगों को बांट रहे हैं, उनकी सोच नेगेटिव है और वे पुराने विचार थोपना चाहते हैं। वे अंडरग्राउंड काम करते हैं, सुरंगों में रहते हैं और साजिशें रचते हैं। एसआईआर प्रक्रिया होने के बावजूद मतदाता सूची में गड़बड़ियां बनी रहीं। **-अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

ज्ञानेश इस्तीफा दें



ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए। निर्वाचन आयोग और उसके आईटी प्रभाग में पूरी तरह से बदलाव किया जाए। कानून के तहत मतदाता सूची को लेकर ईआरओ के पास वैधानिक अधिकार हैं, लेकिन देशभर में ईसीआईनेट प्रणाली और निर्वाचन आयोग के आईटी प्रभाग ने इन उपायों को दरकिनार किया। **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

करंट अफेयर

संयुक्त राष्ट्र ने फलस्तीनियों की खाद्य सहायता घटाई

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने गंभीर वित्तीय संकट के कारण गाजा में पांच लाख और वेस्ट बैंक में दो लाख फलस्तीनियों को दी जाने वाली खाद्य सहायता में कटौती की है। एजेंसी के प्रमुख ने यह जानकारी दी।



विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के कार्यवाहक प्रमुख कार्ल स्काऊ ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की अपील की, ताकि एजेंसी खाद्य सहायता बहाल करने और अगले छह महीने तक गाजा तथा वेस्ट बैंक में गर्म भोजन एवं खाद्य पैकेट उपलब्ध कराने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण इस महीने गाजा में खाद्य सहायता पाने वाले लोगों की संख्या 16 लाख से घटाकर 11 लाख और वेस्ट बैंक में चार लाख से घटाकर दो लाख कर दी गई है। दोनों फलस्तीनी क्षेत्रों का दौरा कर लौटे स्काऊ ने यरुशलम से वीडियो ब्रीफिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र से कहा कि गाजा में जीवन अब भी ''बेहद कठिन'' और अविश्वसनीय रूप से खतरनाक है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की टीमों ने पिछले सप्ताह हर दिन लगभग 50 हमले दर्ज किए। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद से ''हम अकाल की स्थिति को पीछे करने में सक्षम रहे हैं।''

ऑफ बीट

अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ क्या सेहत के लिए नुकसानदेह

अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ को लोग ज्यादा अच्छा नहीं मानते हैं। कई अध्ययनों में इन्हें कई तरह की दीर्घकालिक बीमारियों से जोड़ा गया है। कई



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर इन्हें जहर तक बताते हैं। जनस्वास्थ्य के कुछ विशेषज्ञ इनके उत्पादन और उपभोग पर दुनिया भर में पूरी तरह रोक लगाने की मांग करते हैं। साधारण शब्दों में कहें तो अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़े पैमाने पर औद्योगिक तरीके से तैयार किए जाने वाले खाद्य उत्पाद हैं। इन्हें बनाने में ऐसे घटकों का इस्तेमाल होता है, जो आमतौर पर घरों की रसोई में नहीं मिलते। इनमें अपने मूल स्वरूप में मौजूद साबुत खाद्य पदार्थ बहुत कम मात्रा में होते हैं या बिल्कुल नहीं होते। एनओवीए प्रणाली खाद्य पदार्थों को उनके प्रसंस्करण के स्तर के आधार पर चार श्रेणियों में बांटती है। एनओवीए की पहली श्रेणी में ऐसे असंसाधित या बहुत कम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आते हैं, जो पौधों या जानवरों से प्राप्त होते हैं और अपने प्राकृतिक स्वरूप के करीब होते हैं। इनमें कोई अतिरिक्त पदार्थ नहीं मिलाया जाता। इन अध्ययनों से एक नतीजा लगातार सामने आया है-जो लोग ज्यादा अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाते हैं, उनमें कई दीर्घकालिक बीमारियों और समय से पहले मृत्यु का खतरा अधिक होता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026 | आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी | वर्ष : 25, अंक : 92 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मूंगफली के बीज में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी

पिछले साल की तुलना में मूंगफली के बीज की 10 वर्ष के अंदर जारी किस्मों की दर 10,647 रुपये से बढ़कर 12,903 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। इसमें 2,256 रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं, 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों की दर 8,858 रुपये से बढ़कर 12,391 रुपये हो गई है। इस श्रेणी में 3,533 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है।

गेहूं की कुछ किस्मों में मामूली राहत

दलहन और तिलहन की कई फसलों के विपरीत गेहूं की कुछ किस्मों के बीज सस्ते हुए हैं। बौनी किस्मों की 10 वर्ष के अंदर जारी श्रेणी में दर 3,711 रुपये से घटकर 3,629 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। यानी 82 रुपये की कमी। ऊंची किस्मों की दर 4,085 रुपये से घटकर 4,057 रुपये हुई है, जो 28 रुपये कम है। ▶▶| शेष पेज 3 पर

रबी बीजों की दरें बढ़ीं, चना-मसूर और मूंगफली सबसे ज्यादा महंगी, गेहूं की कुछ किस्मों में राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की फसलें खास तौर पर धान व अन्य, तैयार हो जाने के बाद अब रबी सीजन की बारी है। इस सीजन में खेती करने वाले किसानों को इस बार रबी के बीजों के लिए पिछले साल से अधिक दाम देने पड़ेंगे। रबी सीजन 2026-27 के लिए ▶▶| शेष पेज 3 पर

खास खबर

मसूर, चना के बीज के लिए अब अधिक कीमत

दलहन फसलों में मसूर के बीज की दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 10 वर्ष के अंदर जारी किस्मों की कीमत 11,020 रुपये से बढ़कर 12,543 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। ▶▶| शेष पेज 3 पर

मटर, सरसों और तोरिया के बीज भी महंगे

मटर के बीज की दर 10 वर्ष के अंदर जारी किस्मों के लिए 8,420 रुपये से बढ़कर 8,806 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों की कीमत 9,315 रुपये से बढ़कर ▶▶| शेष पेज 3 पर

अनुदान के बाद तय होगी योजना आधारित दर

बीज निगम के अनुसार, आधार बीज की दर प्रमाणित बीज की दर से 100 रुपये प्रति क्विंटल अधिक रखी गई है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत उत्पादन ▶▶| शेष पेज 3 पर

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सरकारी कार्यालयों को फर्जी बम की धमकी

तिरुवनंतपुरम। तमिलनाडु के 37 वर्षीय एक इंजीनियर को केरलम की राजधानी में कई प्रमुख



संस्थानों समेत राज्य में स्थित कई सरकारी कार्यालयों को बम रखे होने की फर्जी धमकी वाले ईमेल भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान शरत सुब्रमण्यन के रूप में हुई है। वह कई वर्षों तक अमेरिका में रहा था।

दो कारों की टक्कर में तीन की गई जान

मेरठ। मेरठ में हापुड़-बुलंदशहर राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर दो कारों के बीच टक्कर हो जाने से एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। खरखौदा थाना क्षेत्र में बिजौली कट के पास हुए इस हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई।

मॉडल श्रद्धा बहन और ड्राइवर के साथ गिरफ्तार

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में फरार चल रही 50 हजार रुपए की इनामी



मॉडल श्रद्धा दुबे को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने श्रद्धा के साथ उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश को भी हिरासत में लिया है।

पुल पार करते मां-बेटे की ट्रेन से मौत

बोडेली। गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में मंगलवार को नर्मदा नहर पर बने संकरे रेलवे पुल को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके बेटे की मौत हो गई। हादसा अपराह्न करीब 12 बजे हुआ। गंजीबेन बारिया (65) और उनके बेटे परेशभाई बारिया (32) अपने रिश्तेदारों को खाना देने के लिए खेत की ओर जा रहे थे।

मुंबई में 10.16 करोड़ की हेरोइन जब्त

मुंबई। मुंबई अपराध शाखा ने एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10.16 करोड़ रुपए मूल्य



की दो किलोग्राम से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन जब्त की और इस सिलसिले में तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। खुफिया जानकारी के आधार पर कांदिवली स्थित अपराध शाखा इकाई-11 की टीम ने पिछले बुधवार को दो लोगों के पास से 758 ग्राम हेरोइन बरामद की।

आरएसएस के वार्षिक विजयादशमी उत्सव पर बोले संघ प्रमुख

भागवत बोले-रिजीम चेंज न हुआ, न आगे होगा, जब भी बंटे हुए कमजोर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने विजयादशमी के अवसर पर नागपुर में आयोजित शताब्दी वर्ष के समारोह में समाज की एकता, भारतीय संस्कृति, स्वदेशी और देश की सामाजिक परिस्थितियों को लेकर अपने विचार रखे। शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फ्रांस, अल्बानिया, नेपाल और बांग्लादेश में हुए घटनाक्रमों का जिक्र किया और कहा, वे कहते हैं रिजीम चेंज करने से परिस्थिति बदलेगी, लेकिन ऐसा कभी हुआ नहीं है। पहले नहीं हुआ, आज भी नहीं होगा। उन्होंने समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि जब-जब हम बंटे हैं, तब-तब कमजोर हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर नागपुर में विजयदशमी उत्सव और शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एकता, एआई से लेकर फ्रांस प्रोटेस्ट तक, सभी मुद्दों पर बात की। उन्होंने नशे की समस्या, सही-गलत के बीच अंतर समझने और नई पीढ़ी को संस्कार सिखाने पर भी जोर दिया।

खास खबर

संघ प्रमुख भागवत ने आगाह किया कि सत्ता परिवर्तन के आंदोलन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं करते और ये राजनीतिक स्वार्थों का औजार बनकर समाज में विभाजन बढ़ा सकते हैं। भागवत ने यहां संघ के वार्षिक विजयादशमी उत्सव को संबोधित करते हुए बांग्लादेश, नेपाल, फ्रांस और अल्बानिया में हाल में हुई हिंसा का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि अपने हितों को साधने वाली ताकतें राजनीतिक परिस्थितियों को बदलने के लिए सत्ता ▶▶| शेष पेज 3 पर

देश को कमजोर और विभाजित करने के किए जा रहे हैं प्रयास

एआई में नैतिकता की अनदेखी न हो

मोहन भागवत ने कहा, कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों को इस प्रौद्योगिकी का उपयोग करना और इसमें महारत हासिल करना सीखना चाहिए, साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि नैतिक सिद्धांतों की अनदेखी न हो। उन्होंने कहा, हम पहले ही देख सकते हैं कि एआई का उपयोग करके कितने फर्जी वीडियो बनाए जा रहे हैं। झूठा प्रचार फैलाने के लिए एक नया हथियार मिल गया है। भागवत ने इस बात पर भी जोर दिया कि राष्ट्रीय एकता किसी सौदेबाजी के रिश्ते के बजाय एक भावनात्मक बंधन पर आधारित होती है। उन्होंने कहा, हम सभी भारतीय एक हैं और हमारी एकता आंतरिक है।



कुछ ताकतों पर किया आगाह

आरएसएस प्रमुख ने आरोप लगाया कि कुछ ताकतें असंतोष और अराजकता पैदा करने के लिए सामाजिक विभाजन का फायदा उठाती हैं, समुदायों के बीच पीड़ित होने की भावना को बढ़ावा देती हैं और देश की संस्थाओं में विश्वास को कम करने का प्रयास करती हैं।

संघ की परिभाषा बताई

भागवत ने कहा कि आरएसएस एक सुसंगठित, मजबूत हिंदू समाज का निर्माण करना चाहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रयास सभी पंथों के सम्मान या राष्ट्र की भावनात्मक एकता के विरोध में नहीं है। भागवत ने कहा, विचार बोइए, तो कर्म की फसल काटेंगे; चरित्र बोएंगे तो प्रारब्ध का निर्माण होगा। उन्होंने कहा, जब से हमने भावनात्मक एकता को भुला दिया है तब से हम कमजोर हो गए हैं। भागवत ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है और विविधताओं को स्वीकार करना व उनकी रक्षा करना हमारी पारंपरिक पहचान रही है।

पीएम मोदी ने की जमकर तारीफ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के विजयादशमी के भाषण को बहुत प्रेरक बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें सामाजिक एकता, आत्मनिर्भरता और समाज के चरित्र को मजबूत करने जैसे मुद्दे उठाए गए। मोदी ने कहा कि विशेष रूप से उल्लेखनीय बात यह है कि भागवत ने 'सेवा' और राष्ट्र-निर्माण के प्रति उस प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो संघ के हर 'स्वयंसेवक' का अभिन्न अंग है।

राहुल ने संघ पर बोला हमला



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा हमला बोला। आरोप लगाया कि यह विशुद्ध पुरुषवादी और संविधान विरोधी' संगठन है, जो महिलाओं को पुरुषों की 'संपत्ति' मानता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह 'शिव-शक्ति' में विश्वास करते हैं और इसीलिए आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ लड़ने से उन्हें खुशी मिलती है।

पूजा का सामान छोड़ने गए थे

बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

एक तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। बताया जाता है कि दोनों युवक पूजा का सामान छोड़ने पंडित के घर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ है। परिजनों के अनुसार, करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-नोनबिर्रा नौ दिनों तक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। मंगलवार को विजयादशमी पर विसर्जन कार्यक्रम पूरा होने के बाद ग्राम-नोनबिर्रा निवासी शुभम गुप्ता, यशवंत गुप्ता इलेक्ट्रिक बाइक से पंडित के ▶▶| शेष पेज 3 पर

आरोपी बस चालक फरार

दुर्घटना को अंजाम देने के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुर्घटनाकारित बस चालक की पतासाजी कर रही है, वहीं दशहरा के दिन एक साथ दो युवकों की मौत हो जाने से गांव में मातम छाया हुआ है।

विजयादशमी की खुशियां मातम में बदली

हादसे की खबर मिलते ही गुप्ता परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में विजयादशमी का त्योहार मनाया जा रहा था, वहां अचानक मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा

टाइगर नहीं, किसी और की जान लेना चाहते थे हमलावर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले में आरोपियों ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को कोटा से अरेस्ट किया था। इसके बाद उनसे मामले में गंभीरता से पूछताछ जारी है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका असली टारगेट टाइगर श्रॉफ नहीं थे, बल्कि वो किसी और बड़े सेलिब्रिटी को मारना चाहते थे। टाइगर श्रॉफ पर हमले के आरोपियों से शुरुआती पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि वो किसी बड़े सेलिब्रिटी को निशाना बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। हालांकि जब वो पहले से तय टारगेट तक नहीं पहुंच पाए तो उन्होंने टाइगर को निशाना बनाया। जब हमलावरों ने टाइगर पर अटैक करने का प्लान बनाया तो उन्होंने एक्टर की सिक्योरिटी के बारे में करीब से जाना। उन्हें पता चला कि टाइगर आम तौर पर बिना सिक्योरिटी के ट्रैवल करते हैं।

सोशल मीडिया के जरिए रखी नजर

शुरुआती पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने टाइगर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया था। उनके और उनके फैंस के इंस्टाग्राम अकाउंट पर मौजूद रील्स और पोस्ट के जरिए आरोपियों को उनकी मूवमेंट और पुलिस सुरक्षा से जुड़ी जानकारी मिली थी, हालांकि पहले किस सेलिब्रिटी को निशाना बनाने की योजना थी, उसकी पहचान फिलहाल सामने नहीं आई है।

बॉलीवुड को डराने के लिए हमला

शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों का मकसद सिर्फ अभिनेता पर हमला करना नहीं, बल्कि बॉलीवुड में दहशत फैलाना था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हमले की साजिश कैसे रची गई।

दिशा पाटनी के घर की सुरक्षा बढ़ाई



मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी के बाद फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता एवं सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक जगदीश सिंह पाटनी के बरेली स्थित आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बरेली शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी-प्रथम (सीओ) आशुतोष शिवम ने पाटनी के घर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवास के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तथा वहां तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भाजपा युवा मोर्चा की टीम का ऐलान

युवा मोर्चा के सात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, इनमें छग से भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने अपने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। इस नई टीम में छत्तीसगढ़ से भूपेंद्र नाग, जम्मू-कश्मीर की किश्तवाड़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक शगुन परिहार और उत्तर प्रदेश के निखिल मणि तिवारी समेत सात को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से जारी किए गए लिस्ट के मुताबिक जम्मू-कश्मीर से विधायक शगुन परिहार, उत्तर प्रदेश से निखिल मणि तिवारी, नगालैंड से अरविंद दमानी, तेलंगाना से मालोथ कोमली नाइक, बिहार से राजेंद्र सिंह, पश्चिम बंगाल से विधायक सौमेन कार्फा और छत्तीसगढ़ से भूपेंद्र नाग को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर ओडिशा से अर्पिता अपराजिता बडजेना, उत्तर प्रदेश से हर्षवर्धन सिंह और आंध्र प्रदेश से मित्त वामशी कृष्णा को नियुक्त किया गया है। वहीं, राष्ट्रीय मंत्री के रूप में असम से बिस्वजीत खाउंड, ▶▶| शेष पेज 3 पर



भूपेंद्र नाग

छत्तीसगढ़ से एक और नेता को बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के एक और भाजपा नेता को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के आदेशानुसार भाजयुमो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के भूपेंद्र नाग को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके पहले भी छत्तीसगढ़ के नेताओं को नितिन नवीन की टीम में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इसी के साथ ही छत्तीसगढ़ के अनमोल झा को भाजयुमो का राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके पहले छत्तीसगढ़ की सांसद रूपकुमारी चौधरी को महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

खरसिया में बड़ा हादसा

मीना बाजार में आकाश झूले से गिरकर युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरसिया

खरसिया के मीना बाजार में ठीक विजयादशमी के दिन हुए दर्दनाक घटना ने त्यौहार के उत्साह को फीका कर दिया। जानकारी मिली है कि मंगलवार को दोपहर आकाश झूले से गिरने के बाद एक युवक की मौत हो गई। हालांकि घटना की परिस्थितियों और युवक की मौत के संबंध में फिलहाल आधिकारिक पुष्टि तथा विस्तृत जानकारी सामने नहीं आ पाई है।



परिवार ने खोया अपना सदस्य

इस घटना में परिवार के मुखिया की मौत से परिवार पर संकट आन पड़ी है। दूसरी ओर मेले में लगाए गए बड़े झूलों की सुरक्षा, उनके संचालन की निगरानी और आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर सवाल भी खड़े होने लगा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, झूले के संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं यह जांच में ही सामने आएगी।

छत्तीसगढ़ और ओडिशा से उमड़ा हजारों लोगों का सैलाब, 10 किलोमीटर तक भीड़ ही भीड़

84 गांवों के देवी-देवताओं की निकली शोभायात्रा, शक्ति प्रदर्शन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कांदाडोंगर पहाड़ी पर इस वर्ष भी विजयदशमी का पर्व अनूठे और प्राचीन आदिवासी परंपरा के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक स्थल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां रावण दहन नहीं किया जाता, बल्कि आदिवासी परंपरा को निभाते हुए 84 गांवों के देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा ▶▶| शेष पेज 3 पर

अलग खबर

त्रेतायुग से जुड़ी है इस अनोखे पर्व की मान्यता

ग्रामीणों और बुजुर्गों से मिली जानकारी के अनुसार इस स्थल का बड़ा पौराणिक महत्व है। ऐसा माना जाता है कि त्रेतायुग में भगवान श्री राम, और लक्ष्मण द्वारा माता सीता की खोज करते हुए इस कांदाडोंगर पहाड़ी पर पहुंचे थे और यहां कुछ दिनों तक विश्राम भी किया था। जब भगवान राम द्वारा रावण वध किए जाने की





धार्मिक और पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण है

मैनपुर का कांदाडोंगर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और रहस्यों के लिए पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। इस पहाड़ी के भीतर कई रहस्य छिपे हुए हैं। पहाड़ी के ऊपर आदिवासियों के कई प्रमुख और गुप्त स्थल हैं, जहां समय-समय पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन काल में यहां ऋषि-मुनियों ने तपस्या की थी और उनके यज्ञ की राख आज भी इस पहाड़ी पर मौजूद है। अनगिनत छोटी बड़ी गुफाएं और प्राकृतिक ▶▶| शेष पेज 3 पर

गांव की कहानी

लालेश्वर सिन्हा

राजा के ठहरने के कारण नाम हुआ गांव का राजाडेरा

प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण वनस्थली छोटा सा राजाडेरा ग्राम धमतरी जिला के मगरलोड ब्लाक का मुख्य पर्यटन स्थल है । यहां पर सोनभट्टी, पिपरौद, बाथामुड़ा एवं पठार से मरकाटोला नाला का अनुपम संगम है। जहां पर एक मिनी स्टाप डेम (बांध) निर्माणाधीन है। मनोहारी प्राकृतिक छटा एवं आत्मिक शांति स्थल यह राजाडेरा ग्राम ब्लाक मुख्यालय से पूर्व दिशा में 12 किमी दूरी पर स्थित है।

आदिवासी बहुल राजाडेरा वासियों का मुख्य देवता नागदेवता और सोनादाई है। आस्था एवं श्रद्धा से यहां के लोग प्रतिवर्ष चैत्र माह में जातरा पूजा करते हैं। इस जातरा में समीपस्थ ग्राम परसाबुड़ा, रेंगाडीह बुधाराव, मड़ेली, बकोरी, पिपरौद, सोनारिन दैहान, पठार, चाभांठा आदि के ग्रामवासी श्रद्धा से सम्मिलित होते हैं। जातरा स्थल नागदेवता में अपनी मनौतियां पूर्ण कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। नागदेवता का स्थल बांध के नीचे करीब 2 किमी की दूरी पर रेंगाडीह, परसाबुड़ा मार्ग में नाला के किनारे है। नाला के गहरे सरार तट में नायक व्यापारियों के विश्राम स्थाल घने जंगल में आज भी पाषाण प्रतीक विद्यमान है। कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे नागदेव का पूजा स्थल है। ग्राम का ठाकुर देवता एवं शीतला मंदिर भी इसी के आस-पास है। ठाकुर देव के पास वृक्ष में अन्नबीज (लोटना) बंधे हुए देखा जा सकता है। यहां की प्रमुख मान्य देवी सोनादाई है। जो बांध स्थल के पास महुआ वृक्षों के बीच में है।



ग्रामीण के अनुसार यहां नागदेवता एवं सोनादाई मुख्य देवी देवता है। इन के आशीर्वाद से हम ग्रामवासी सुरक्षित रहते हैं तथा कभी भी अकाल नही पड़ा है। दुहानी नाला एवं पहाड़ी जल स्त्रोत से पानी हमेशा खेतों में बहता रहता है।

जनश्रुति के अनुसार आज से करीब डेढ़ दो सौ वर्षों पूर्व यहां पर बीहड़ जंगल था। उस समय नायक व्यापारी एवं बस्तर फिंगेश्वर के राजा इसी मार्ग से आया जाया करते थे। तथा पड़ाव डालकर रात्रि विश्राम करते थे। इसीलिए इस गांव का नाम राजाडेरा पड़ा होगा। किसी समय बस्तर के राजा-रानी हांथी में सवार होकर इस स्थान से गुजर रहे थे कि यहां के मनोहारी दृश्य और स्वच्छ जलप्रपात को देखकर तनिक विश्राम करने ठहर गये और वहीं समीप में स्थित एक टीला में अपने हाथी को बांध दिए। विश्राम पश्चात देखे तो हाथी वहां नही था। बहुत ढूंढा गया पता नही चला तब वे यहां निवासरत कुछ भुंजिया एवं चौघड़िया आदिवासियों के पास गये उन्हे अपनी व्यथा सुनाये, और वहीं पर रात्रि विश्राम किये। स्वप्न में उन्हे नागदेवता का स्मरण हुआ। तब प्रातःकाल नाला जाकर राजा-रानी कुछ-कुछ दूरी पर जलधारा के मध्य स्थित शिलाओं में बैठकर स्नान किए। वह शिलायें आज भी राजा-रानी शिला एवं घाट के नाम से जाना जाता है।

लोक साहित्य

डा. सुधीर पाठक

सरगुजा अंचल में बोलियों का मिश्रित प्रभाव

सदरी (नागपुरी) पर सरगुजिहा (छत्तीसगढ़ी) का पूर्ण प्रभाव पड़ा है। दोनों के संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, लिंग, वचन और कारक प्रायः एक ही हैं; यथा- शब्दावली प्रायः एक ही है। संज्ञापद में निश्चयात्मकता लाने के लिए 'हर' और 'हार' का प्रयोग किया जाता है तथा किसी संज्ञा का बहुवचन बनाने के लिए दोनों में ही 'मन', 'खातिर', 'लागिन', 'बदी' प्रत्यय का प्रयोग होता है। ये दोनों विशेषताएँ सदरी (नागपुरी) और सरगुजिहा के अलावा बिहारी, बंगाली और उड़िया परिवार की अन्य किसी भी भाषा या बोली में दिखलाई नहीं पड़ती। सदरी (नागपुरी) और सरगुजिहा (छत्तीसगढ़ी) दोनों भाषा-बोली व्याकरण और क्षेत्र के आधार पर एक ही हैं। ऊपरी तौर पर थोड़ा-बहुत जो अंतर दिखलाई पड़ता है, उसके प्रमुख कारणों सहित समानता-असमानता को इस प्रकार से देखा जा सकता है- सरगुजिहा (छत्तीसगढ़ी) आर्य परिवार की भाषा-बोली है, सदरी (नागपुरी) के मूल भाषा-भाषी (कोरवा, कोडकू, मुंडा, उराँव आदि) मूलतः आग्नेय (गुंडन) परिवार की भाषाएँ-बोलियों को बोलने वाले हैं। इनकी अपनी जातीय भाषाएँ-बोलियाँ भी हैं। प्रारंभ में ये सदरी का प्रयोग आर्य भाषा-भाषियों से संपर्क होने पर करते थे। वर्तमान में यही प्रमुख भाषा-बोली है। सदरी (नागपुरी) सरगुजा, जशपुर (छत्तीसगढ़), गुमला, राँची (झारखंड) के क्षेत्र में बोली जाती है। इसका संपर्क एक ओर छत्तीसगढ़ से है, तो दूसरी ओर झारखंड से।



संस्कृति

डा. गीतेश अमरोहित

बच्चे के जन्म के समय नक्षत्र के प्रभाव से बचने की जाती है पूजा



जो बच्चे रेवती नक्षत्र के अंत में और अश्विनी के आरंभ में या अश्विन के अंत में मांघ के आरंभ में अथवा ज्येष्ठा के अंत या मूल के आरंभ में जन्म लेते हैं, उन पर मूल नक्षत्र का प्रभाव रहता है। इसके दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए मूल शांति की जाती है। मूल में उत्पन्न बच्चे का मुख सत्ताइस दिनों तक देखना मना है।

मूल शांति की पूजा में हवन करना होता है तथा औषधि स्नान और भावनात्मक स्नान होते हैं, औषधि स्नान को ओखद कहते हैं। ओखद स्नान के लिए दस या सौ औषधियों के जल से शिशु, मां तथा पिता को नहलाया जाता है। दस औषधियों में कूट, जटामासी, हरदी, आमी हरदी, नांगरमोथा, सिलाजीत, चंदन भुरका, बच्छ, चंपा और तगर है। यदि उपरोक्त ओखद की अनुपलब्धता हो तो सतावरी से ही स्नान करा दिया जाता है। मिट्टी तथा सत्ताइस पवित्र स्थलों का जल भी स्नान के लिए पर्याप्त है।

गऊ मुख प्रसव या आकाश प्रसव की कल्पना लेकर बच्चे को सूप में रखकर आकाश दिखाया जाता है। उसके बाद गौ माता की श्वांस से शिशु को स्नान कराया जाता है। क्षेत्र विशेष पर पूजा पद्धति कुछ अंतर भी देखा जाता है पर उद्देश्य एक ही होता है।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

ऐतिहासिक

किशोर कुमार अग्रवाल

अंग्रेजों के शासन काल में छत्तीसगढ़ में मेकंजी बंदोबस्त



अकाल की गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने 1898 में एक अकाल आयोग का गठन किया, जिसका नेतृत्व पंजाब के गवर्नर सर अल्फ्रेड लायल को सौंपा गया। इस आयोग के दो भारतीय सदस्यों में एक नागपुर के रायबहादुर विपिन कृष्ण बोस थे। आयोग ने नागपुर, जबलपुर, अमरावती और रायपुर में अनेक गवाहों की जांच की, जिसमें लोगों ने यह मत व्यक्त किया कि अकाल के दिनों में देश का अनाज बाहर न जाने पाये। लोगों की शिकायतों में से एक शिकायत ₹मेकंजी बंदोबस्त₹ भी था, जिसके द्वारा कृषकों पर लगान की दर बढ़ाई गई। छः माह की जाँच के बाद आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। दुर्भाग्य से सरकार ने आयोग की सिफारिशों पर कोई ध्यान नहीं दिया। परिणामस्वरूप लोगों का असंतोष



सरकार के विरुद्ध बढ़ता ही गया। 1899 के लखनऊ अधिवेशन में कांग्रेस के अध्यक्ष रोमेशचंद्र दत्त ने मध्य प्रांत में अकाल की गंभीरता के लिये सरकार की भूराजस्व नीति को उत्तरदायी ठहराया। ब्रिटिश सरकार द्वारा बराबर कांग्रेस के प्रस्तावों की उपेक्षा की जा रही थी, जिससे देश के लोगों का विश्वास कांग्रेस के उन नेताओं पर से उठता जा रहा था, जो सरकार की न्यायप्रियता में विश्वास रखते थे तथा राजनीतिक एवं संवैधानिक सुधारों के लिये उससे प्रार्थना करते थे। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक यह विश्वास जोर पकड़ रहा था कि सरकार को मनाने के लिए दूसरे तरीके प्रयोग में लाने चाहिए। इस विचारधारा ने उग्रवादी राष्ट्रीयता का प्रादुर्भाव किया। देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ अंचल भी बराबर राजनीतिक चेतना के ऊंच नीच से परिचित हो रहा था। जहां के पढ़े-लिखे नवयुवकों में राजनीतिक चेतना का तेजी से विस्तार होता जा रहा था और वे प्रदेश की दुर्दशा से भी क्षुब्ध दिखाई दे रहे थे। अतः यह कहा जा सकता है कि 1857 की क्रान्ति के समय छत्तीसगढ़ में राजनीतिक चेतना की जो चिंगारी सुलग उठी थी, वह धीरे-धीरे एक आग का स्वरूप लेती जा रही थी। उन्नीसवीं शताब्दी का अंत तथा बीसवीं शताब्दी का प्रारंभ इस दृष्टि से छत्तीसगढ़ के राजनीतिक तथा संवैधानिक विकास के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण कहा जा सकता है।

लोकगीत : श्रीमती शकुंतला तरार

हल्बी संस्कार गीतों में लोकरंजन के तत्व



बस्तर अंचल सदियों से लोक आधारित आदिम सांस्कृतिक जीवन से गूथित रहा है। यहाँ की कला-संस्कृति के विभिन्न आयाम बस्तरियों को पोषित-पल्लवित करते रहे हैं और करते रहेंगे। दण्डकारण्य प्रारंभ से ही कौतूहल का विषय रहा है। कस्तूरि शासन-काल से लेकर आज तक दण्डकारण्य में कथा-कहानियों की कमी नहीं है, जब हम किसी क्षेत्र के विकास की बात करते हैं, तो सोचते हैं कि उस क्षेत्र को छोटे-छोटे खंडों में विभक्त कर उसका विकास करें, ताकि समान रूप से विकासात्मक प्रक्रिया को गति प्रदान कर सकें। कहते हैं कि कोसर-कोसम में पानी बदले चार कोस में बानी, ठीक उसी तरह केवल बस्तर अंचल में ही कई लोक बोलियाँ हैं। आप जितने लोगों के निकट जाएंगे, उतनी शिष्ट से खुद को जोड़ें बोलियों के निकट पाएंगे। किन्तु हल्बी एक ऐसी लोक भाषा है, तो बस्तर के



अधिकांश में संपर्क-भाषा के रूप में बोली जाती है।

लोक-साहित्य मौखिक होता है। यह एक मुख से हस्तांतरित होते हुए पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है। लोकभाषा की अपनी शैली होती है। नारी-प्रधान गीतों की तो एक श्रृंखला ही है। नारियों द्वारा गाए गए नारी-प्रधान गीत की यह गीत जगार यहाँ का मुख्य धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें महिलाओं द्वारा ही यह गीत गाया जाता है।उदाहरण—

रामे रामे मोर हरी-हरी बोलो
रामे रामे मोर हरी-हरी बोलो
जगार नेवता मड़य परसू
जगार नेवता पड़य।

इनके गीतों में पारंपरिक लयबद्धता के साथ सरलता और स्वाभाविकता का भाव होता है। जंगली माटी के बीच की पावन खुशबू और स्वाद में जीते हुए दिखावे से दूर रहकर मनोरंजन के माध्यम से कलाप्रियता को बरकरार रखे हुए अपनी परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं।

सुरता

पूरन सिंह सिदार

अनेक योजनाओं को फलीभूत किए ठाकुर सनमान सिंह

ठाकुर सनमान सिंह 28 वर्ष के उम्र में सुअरमार गढ़ के जमीदार बने। वे कुशल प्रशासक वीर योद्धा और साहसी थे। इनके बहादुरी के किस्से आज भी सुनते हैं। सन- 1856 के गजेटियर में ब्रिटिश कमिश्नर ने लिखा है- वे 30 वर्षीय गोड़ जमीदार, ईमानदार, न्यायप्रिय हैं। अपने जमीदारी में इन्होंने लूटपाट एवं डकैती का खात्मा करने में सफल रहे अमन और शांति है। प्रजा वत्सल होने के साथ ही स्वयं खेती किसानी का काम करते थे। ब्रिटिश कमिश्नर कोमाखान आए और जमीदार के बारे में पूछा तो काम करने वालों ने बताया कि फावड़ा लेकर काम करने वाला ही ठाकुर सनमान सिंह जमींदार है। उन्होंने मराठा शासन से मुकाबला किया। वे युद्ध में हारना नहीं सीखे थे। सुअरमार गढ़ को छोड़ने एवं कोमाखान को राजधानी बनाने की योजना उन्होंने ही बनाई। वास्तुविद आमंत्रित कर भव्य राजभवन की आधार शिला रखी व किलेनूमा परकोटा तैयार किया। कृषि उत्पादन कर आर्थिक दशा को सुदृढ़ किया। आपके कार्यकाल सामाजिक, आर्थिक विकास के द्योतक थे। वे आधुनिकता से पूर्ण व नवाचारी थे। सामाजिक रूप से कई प्रयोग किये और संस्कृति के बदलाव के पक्षधर थे। उन्होंने धार्मिक यात्राएं की और नये विचारों को लागू करने में सफल हुए, धार्मिक भावना का विकास व विद्वानों का सम्मान हुआ। वे शराब के शौकिन थे, इस कारण लोग उन्हें मतवार ठाकुर के नाम से जानते थे। कृषि वनोपज व व्यापार एवं बाजार को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिए। इनकी सात रानी थी, सबसे छोटे रानी से बड़े पुत्र उमराव का जन्म हुआ और वे यहां के जमीदार बने।

पुरातात्विक: डा. टी. आर. रामटेके

कोसंगईगढ़ किला कोरबा-कटघोरा मुख्य मार्ग पर छुरी से 5 कि.मी. की दूरी पर, हसदेव नदी के एक ओर एक विशाल संतरे आकार की पहाड़ी पर स्थित है। जिला मुख्यालय कोरबा से उत्तर दिशा में 20 कि.मी. की दूरी पर मुरम मार्ग द्वारा कोसंगईगढ़ जाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों में कोसंगईगढ़ की स्थापत्य कला

यह एक सुरक्षित गिरी दुर्ग है, जहां पर कलचुरि नरेश वाहरेन्द्र ने सैन्य दृष्टिकोण से पूर्व निर्मित किले का पुनर्निर्माण किया था और पठान आक्रमण के समय युद्ध का संचालन किया था। यहां से प्राप्त कलचुरि काल के ई. 1494 व ई. 1513 के दो शिलालेख प्राप्त हुए है। इस किले में वाहरेन्द्र ने अपना कोषालय एवं अनाज भण्डार रखा था। मराठों के आक्रमण के समय राघोसिंह इसका किलेदार था। इस किले में तोप जंजाल, ढालु दरवाजा, सिंहद्वार, कोसगई देवी मंदिर व झगराखोंड है। यह एक सुरक्षित गिरी दुर्ग है, जिसके सिंहद्वार जाने के लिए सीधी चढाई है। इस किले के बुर्ज में तोपखाना था जिसमें तोप व बंदूकों से शत्रुओं पर आक्रमण किया जा सकता था। पहाड़ी के तीन ओर तराशे गये पत्थरों से दीवार बनाई गई है। किले में द्वाररक्षक कक्ष, गुप्त दरवाजा, राजप्रासाद, सिंहद्वार व निरीक्षण बुर्ज के अवशेष उपलब्ध हैं। इस पहाड़ी दुर्ग की ऊंचाई लगभग 1 कि.मी. है। इस किले की सुरक्षा हँसदेव नदी से भी होती थी, क्योंकि ग्रीष्मकाल में भी हसदेव नदी में भरपुर पानी रहता है और नदी को पार करके ही इस किले में जाया जा सकता है। किले की दूसरी ओर दुर्गम पहाड़ी पर्वत श्रेणियां है। इस किले पर कलचुरि शासक वाहरेन्द्र ने 15 वीं शताब्दी में पठान आक्रमण से अपने राज्य की सुरक्षा की थी। मराठा शासन काल में कोसंगई में 8 जमींदारियां व 220 ग्राम थे। ब्रिटिश काल में कोसंगई के किलेंदार के वंशजों को छुरी जमीदारी प्राप्त हुई थी, जिसमें 115 गांव में कंवर जनजाति की बहुतायत है। सन- 1741 के जमींदार राघोसिंह ने रतनपुर पर मराठा आक्रमण के समय कलचुरी शासक के लिए कोसगई किले की सुरक्षा करते हुए इस युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ था। मराठों ने छुरी-कोसगई जमीदारी पर 800 रु. वार्षिक टकोली निर्धारित किया था, जिसे सन- 1797 में बढ़ाकर 1200 रु. कर दी थी, इस जमीदारी का क्षेत्रफल 339 वर्गमील था, जिसमें 143 ग्राम एवं जमीदार का पद प्रधान था। प्रधान भुवनपाल इस रियासत के अंतिम जमीदार थे।





जैकेट के शेष

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ....

पहुंचने के लिए एक बेहतर मंच दे सकती है। प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव मिलेगा और उन्हें अपनी खेल क्षमता निखारने का अवसर मिलेगा।

देश की पहली ....

अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। लीग का समापन 1 नवंबर को फाइनल मैच के साथ होगा। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित इस लीग में कुल 132 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के बाद किया गया है। प्रत्येक टीम में 22 खिलाड़ी होंगे, जिनमें छत्तीसगढ़ के 18 और राज्य के बाहर के चार राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

छह टीमें, अलग-अलग ....

के खिलाफ मुकाबले करेंगी और प्रदर्शन के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। टीमों के मुख्य कोच और सहायक कोच भी नियुक्त किए गए हैं। सहायक कोचों में छत्तीसगढ़ के लोगों को शामिल किया गया है, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण और खिलाड़ियों को तैयार करने की प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके।

पहले दिन राजधानी ....

शाम 7 बजे होगा। लीग की टैगलाइन 'चलो रे संगी, हॉकी खेलबो' रखी गई है। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का उद्देश्य राज्य में हॉकी के विकास को गति देना, उभरते खिलाड़ियों को अधिक अवसर उपलब्ध कराना और खेल के लिए मजबूत व्यवस्था तैयार करना है।

अरुण साव बोले- युवा ...

राजधानी रायपुर तक ही इसे केंद्रित रखेंगे। आने वाले समय में, हमारे मैच बिलासपुर में भी हो, राजनांदगांव में भी हो, जशपुर में हो, इसकी योजना बनाएंगे।

0 राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाइव स्ट्रीमिंग भी करा रहे हैं, यह कहां सेटिंग बैठी आपकी? मतलब राज्य का आयोजन करा रहे हैं और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारण का भी जुगाड़ बैठा ली है। पैसे-वैसे काफी लगे होंगे, अरुण जी? कैसे बैठी बात?

00 देखिये, जहां चाह, वहां राह कहते हैं। जब आप अच्छे कार्य के लिए कदम उठाएंगे, तो सब लोग आपके साथ सहयोग करने को तैयार होते हैं। जब छत्तीसगढ़ में ओलम्पियन खिलाड़ी रहे हैं, बड़े-बड़े खिलाड़ी रहे हैं, हमारा राष्ट्रीय खेल है; तो राष्ट्रीय खेल भी पीछे नहीं रहना चाहिए। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजकल जिस प्रकार से खेल और खिलाड़ियों के लिए काम करते हैं, खेलों इंडिया के माध्यम से जिस प्रकार से दुनिया में भारत की अलग पहचान बने, अलग साख बने खेल में, और यह उसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। और दूसरा एक विषय खेल मंत्री बनने के बाद, भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडवीया ने श्रीनगर में चिंतन बैठक रखी थी खेल विभाग की। वहां जाने का अवसर मिला। वहां जाकर मुझे समझ में आया कि भारत सरकार कितने बड़े विजन के साथ आज खेल और खिलाड़ियों के लिए काम कर रही है। तो मुझे उससे प्रेरणा मिली कि हम भी खेलों के लिए काम कर सकते हैं। 2047 में जब विकसित भारत बने, तो विकसित भारत में का जब निर्माण हो, तो खेल में भी भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो और उसके लिए भारत सरकार योजना बनाकर क्रमशः काम कर रही है कि कैसे हम अपने देश को मेडल टैली में ऊपर में लेकर जाएं। हमारे पास किन-किन खेलों में संभावनाएं अधिक हैं, उन खेलों को थोड़ा सा फोकस करें और उस खेल में ज्यादा ध्यान देकर उस खेल के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में लगें।

0 कार्यक्रम की रूपरेखा के संदर्भ में यह बताया गया कि इसके उद्घाटन के लिए राष्ट्रीय खेल राज्य मंत्री आ रही हैं। और समापन में तो आप अमित शाह को बुलाने में भी सफल हो रहे हैं, ऐसा पता चला?

0 21 तारीख को इसका शुभारंभ होना है सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में और मुख्यमंत्री रहेंगे। हमने आग्रह तो किया था खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीया से, उनका समय उपलब्ध नहीं हो पाया, तो राज्यमंत्री रक्षा खडसे आ रही हैं। उनके आने का कार्यक्रम भी निर्धारित हो गया है और हमने प्रस्ताव दिया है कि समापन में देश के गृह मंत्री आएँ, हमारा राज्योत्सव का आयोजन भी उस दिन होना है। तो जैसा भी वहां से सहमति मिलेगी, उसके हिसाब से कार्यक्रम की योजना रचना करेंगे।

0 इनाम क्या दिया जा रहा है?

00 एकदम सम्मान-सम्मानजनक इनाम की राशि रखी है। कुल मिलाकर 21 लाख के इनाम हम बांटने वाले हैं मेडल ट्रॉफी के अलावा विनर टीम को 11 लाख देने वाले हैं और रनर-अप टीम को 6 लाख देने वाले हैं इनाम, नगद। और जो इंडिविजुअल अलग-अलग विधा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं, उनको भी अलग से हमने इनाम की व्यवस्था रखी है।

0 छत्तीसगढ़ की अगले राष्ट्रीय खेलों की दावेदारी है। आयोजन के संदर्भ में कितनी मदद मिलने की उम्मीद आप कर रहे हैं?

00 देखिये, जैसे मैंने बताया कि हमने हमें खेलो इंडिया के पहले नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी का अवसर मिला। हमने अपनी क्षमता, अपनी ताकत चाहे वो अधोसंरचना की दृष्टि से, मैनपावर की दृष्टि से, सब दृष्टि से हमने जाँचा, परखा है और जैसे मैंने बताया कि आयोजन की देश भर में सराहना हुई है और यह हॉकी लीग का इतना बड़ा आयोजन कर रहे हैं तो यह हमारे लिए एक्सपोजर का भी काम करने वाला है कि छत्तीसगढ़ में वो पोटेंशियल है, वो क्षमता है कि छत्तीसगढ़ बड़े-बड़े आयोजन कर सकता है। तो निश्चित रूप से हमारी नेशनल गेम्स के मेजबानी की जो हमारी दावेदारी है, उसको भी यह आयोजन पुख्ता करेगा और हम उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसके लिए लगातार प्रयत्न कर रहे हैं और निश्चित रूप से हमारा दावा इससे मजबूत होगा, हमें अनुभव भी मिलेगा, हमारी क्षमता भी बढ़ेगी।

0 आप इतना बड़ा आयोजन कर रहे हैं, पर इस आयोजन के बीच में आप स्वयं संकट से गुजर रहे हैं। आपके बाएं पैर पर जो है प्लास्टर बंधा हुआ है। तो आपकी तैयारियों में कितनी दिक्कत है? ऑनलाइन इसका शुभारंभ करने की तैयारी में हैं? क्या इस हालत में भी पहुंचेंगे कार्यक्रम में?

00 बिल्कुल, मैं आयोजन में उपलब्ध रहूंगा। थोड़ी तकलीफ जरूर है, पर वॉकर के माध्यम से आयोजन में रहूंगा और मैं वर्चुअल माध्यम से लगातार बैठक कर रहा हूं, घर में होते हुए भी और एक-एक तैयारी की समीक्षा और जायजा ले रहा हूं। जो-जो बातें मेरे ध्यान में आती जाती है, आयोजन में जुड़े हुए लोगों से बातचीत करता हूँ और कल भी एक बहुत विस्तार से उसका प्रेजेंटेशन लिया, बैठक ली, आवश्यक सुझाव दिए। तो पूरी टीम लगी हुई है और मिलकर हम बहुत अच्छा आयोजन करने की कोशिश कर रहे हैं जो न केवल हॉकी की गरिमा को बढ़ाए, खेल की गरिमा को बढ़ाए, छत्तीसगढ़ की गरिमा को बढ़ाए, ऐसा आयोजन हो, यह हमारी पूरी कोशिश है।

10 साल बाद ...

अधिक गांवों से 500 से ज्यादा यात्री रायपुर स्टेशन पहुंचे। शाम 3 बजे ट्रेन के रवाना होने का समय आया तो स्टेशन पर खुशी का माहौल बन गया। ट्रेन धीरे-धीरे आगे बढ़ी तो यात्रियों ने खिड़कियों और दरवाजों से हाथ हिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, मंडल रेल प्रबंधक दयानंद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधिगण नागरिक उपस्थित थे।

सड़कों और घरों से लोगों ने किया स्वागत : नई लोकल ट्रेन ने रास्ते में भी लोगों का ध्यान खींचा। चमचमाती ट्रेन को देखने के लिए लोग घरों से बाहर निकल आए। सड़क किनारे खड़े लोगों ने ट्रेन को गुजरते देखा और हाथ हिलाकर खुशी जताई। ट्रेन के शुरू होने से क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। रायपुर से कुरुद तक का सफर ट्रेन ने करीब एक घंटे 40 मिनट में पूरा किया। यात्रा के दौरान ट्रेन की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रही।

हरिभूमि-आईएनएच का 'कृषि संवाद' ....

और प्रगतिशील किसानों के प्रतिनिधि एक मंच पर जुटेंगे। कार्यक्रम में पांच पैनल रखे गए हैं, जिनमें कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पक्षों के प्रतिनिधि अपनी बात रखेंगे। आयोजन का उद्देश्य कृषि से जुड़े अलग-अलग पक्षों को संवाद के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, जगदीश एस, संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, राहुल देव संचालक, कृषि, डा. गिरीश चंदेल, कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं शीतांशु शेखर, महाप्रबंधक, नाबार्ड सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, किसान संगठनों के पदाधिकारी, कृषि उद्योग जगत के प्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान शामिल होंगे। पांच पैनलों के जरिए कृषि नीति और प्रशासन से लेकर किसानों के अनुभव, कृषि उत्पादों के बाजार और कृषि आधारित उद्योगों तक विभिन्न पक्षों को शामिल किया गया है।

मिल्कियाना प्रस्तुत कर रहा कार्यक्रम : 'कृषि संवाद 2026' को मिल्कियाना प्रस्तुत कर रहा है। आयोजन को नाबार्ड, एरीज एग्रो लिमिटेड, केएससी टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड, आईटीएसए हॉस्पिटल्स, शारदा, तिरुपति, एवीके और आनंदया एंटरप्राइजेज सहित विभिन्न संस्थाओं का सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम का आयोजन 24 अक्टूबर को दोपहर दो बजे विवेकानंद ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में होगा।

पांच पैनलों में ....

तेजराम विद्रोही तथा छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रदेश सचिव भूपेंद्र दुबे शामिल होंगे। **पैनल-4 : कृषि उद्योग और बाजार** : इस पैनल में मिल्कियाना पशु आहार के डायरेक्टर दीप अग्रवाल, एरीज एग्रो लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग कंट्रोलर देवेंद्र कुमार तिवारी, केएससी टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ एवं एमडी सुनीत चतुर्वेदी, एबीआईएस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली तथा शैमरॉक ओवरसीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मंदीप सिंह चावला शामिल होंगे।

पैनल-5 : प्रगतिशील किसान और सहकारिता : इस पैनल में प्रगतिशील किसान अनिल शर्मा, रूपेंद्र जायसवाल और भाविन चावड़ा के साथ महामाया मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के सीईओ इतवारी प्रसाद बंजारे शामिल होंगे। इस पैनल में किसानों के अनुभव और सहकारिता से जुड़े प्रतिनिधित्व को स्थान दिया गया है।



भारत ने लगाई ....

उन्होंने महज 37 गेंदों में 69 रन बनाए, जिसमें छह चौके और पांच छक्के शामिल रहे। उनके शानदार स्ट्राइक रेट ने भारतीय पारी को शुरुआती ओवरों में ही गति दे दी। दूसरे छोर पर अनुश्का बृजमोहन शर्मा ने भी उपयोगी योगदान दिया। उन्होंने 20 गेंदों में 28 रन बनाए। उनकी पारी में चार चौके और एक छक्का शामिल रहा। दोनों के बीच मिली मजबूत शुरुआत ने भारत को बड़े स्कोर की राह पर ला खड़ा किया। हालांकि, मध्यक्रम में भारत ने कुछ विकेट गंवाए। निकी प्रसाद ने 12 गेंदों में नौ रन बनाए, जबकि ऋचा घोष तीन गेंदों में एक रन और दीप्ति शर्मा तीन गेंदों में शून्य पर आउट हुईं। अरुंधति रेड्डी ने दो गेंदों में चार रन बनाए और प्रेमा रावत भी चार रन बनाकर रन आउट हुईं। भारतीय पारी की सबसे बड़ी कहानी हरमनप्रीत कौर की विस्फोटक बल्लेबाजी रही। उन्होंने जिम्बाब्वे के गेंदबाजों का डटकर सामना करते हुए केवल 41 गेंदों में नाबाद 91 रन ठोक दिए। उनकी पारी में 10 चौके और पांच छक्के शामिल रहे। 221.95 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए हरमनप्रीत ने भारतीय पारी को शानदार अंजाम तक पहुंचाया।

दुशांबे में एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान, चीन पर साधा निशाना

आतंकवाद पर स्वीकार नहीं दोहरे मापदंड एससीओ करे सामूहिक कार्रवाईः राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बनी हुई अस्थिरता के बीच मंगलवार को ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारत का नेतृत्व करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो टूक अंदाज में आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी आतंकवाद पर दोहरे मापदंड स्वीकार नहीं करेगा। समूह देशों को इस अंतरराष्ट्रीय चुनौती के समूचे तंत्र को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुटता के साथ सामूहिक प्रयास करने की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। आतंकवाद शांति, विकास के समक्ष खड़े सबसे बड़े खतरों में से एक है। ऐसे में इसके समर्थकों के लिए कहीं कोई स्थान नहीं हो सकता है। वहीं, कनेक्टिविटी यानी संपर्क सभी देशों के साथ विचार-विमर्श तथा उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर आधारित होना चाहिए।



गौरतलब है कि रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के दोनों निकट पड़ोसी देशों को इसलिए कठघरे में खड़ा किया। क्योंकि इनमें से एक पाकिस्तान दुनियाभर में न केवल आतंकवाद का जन्मदाता है, बल्कि उसके द्वारा दशकों से भारत के खिलाफ सीमापार आतंकवाद के नाम पर मासूम लोगों की बर्बरता से हत्या की जा रही है। दूसरा चीन है, जो यूएनएससी में पाकिस्तानी आतंकियों व उनके संगठनों (लश्कर, जैश मुख्य हैं) पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने को लेकर लाए जाने वाले प्रस्ताव के विरोध में हमेशा ढाल बनकर खड़ा हो जाता है।



पेज एक के शेष

रबी बीजों की दरें बढ़ीं...

हालांकि, बौनी किस्मों की 10 वर्ष से अधिक पुरानी श्रेणी में दर 4,048 रुपये से बढ़कर 4,050 रुपये हुई है। इस तरह गेहूं में राहत सभी किस्मों के लिए समान नहीं है।

मसूर, चना के बीज के लिए...

यानी 1,523 रुपये की बढ़ोतरी। 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों की दर 11,022 रुपये से बढ़कर 12,634 रुपये हो गई है, जो 1,612 रुपये अधिक है। चना के बीज की 10 वर्ष के अंदर जारी किस्मों की दर 7,467 रुपये से बढ़कर 8,218 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। इसमें 751 रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं, 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों की दर 8,957 रुपये से बढ़कर 10,176 रुपये हो गई है। इस श्रेणी में 1,219 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मटर, सरसों और तोरिया...

9,558 रुपये हुई है। सरसों के बीज की दर 10 वर्ष के अंदर जारी किस्मों के लिए 9,511 रुपये से बढ़कर 9,711 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। पुरानी किस्मों की दर 8,374 रुपये से बढ़कर 8,653 रुपये हुई है। तोरिया के बीज की दर 9,883 रुपये से बढ़कर 10,232 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। मूंग के बीज की 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों की दर 13,341 रुपये से बढ़कर 14,032 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। उड़द के बीज की इसी श्रेणी में कीमत 13,571 रुपये से बढ़कर 13,871 रुपये हुई है। तिवड़ा के बीज की दर भी 6,209 रुपये से बढ़कर 6,456 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है।

अनुदान के बाद तय होगी...

एवं वितरण अनुदान को ध्यान में रखकर बिक्री दरें तय की गई हैं। कुछ योजनाओं में फसलवार लक्ष्य और पात्रता के अनुसार किसानों के लिए अलग दर निर्धारित की जाएगी। नई दरों की तुलना से स्पष्ट है कि रबी सीजन में कई दलहन और तिलहन फसलों के बीजों की निर्धारित कीमत बढ़ी है, जबकि गेहूं की कुछ किस्मों में कमी आई है। हालांकि, बीज की निर्धारित दर में बढ़ोतरी को किसानों की वास्तविक खरीद लागत में उतनी ही वृद्धि नहीं माना जा सकता, क्योंकि योजनागत अनुदान के कारण अंतिम देय कीमत अलग हो सकती है।

भागवत बोले-रिजीम...

परिवर्तन का सहारा लेती हैं, लेकिन इससे इच्छित परिणाम शायद ही कभी मिलते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, वे दावा करते हैं कि सत्ता बदलने से स्थिति बदल जाएगी, लेकिन वास्तव में ऐसा कभी नहीं हुआ है। भागवत ने कहा कि एक मजबूत भारत ऐसी ताकतों की राह में रुकावट बनेगा, इसीलिए देश को कमजोर और विभाजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ वैश्विक शक्तियां चाहती हैं कि भारत का विकास हो, लेकिन वे इसे बहुत अधिक शक्तिशाली नहीं बनने देना चाहतीं क्योंकि इससे उनके वर्चस्व को चुनौती मिल सकती है। इससे पहले भागवत ने परंपरा अनुसार शस्त्र पूजन किया।

बस की चपेट में आने से...

यहां पूजा का सामान छोड़ने गए थे। सामान छोड़कर वापस लौटते समय रामपुर-नोनबिर्रा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार भारी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा देर शाम लगभग 5:30 बजे का बताया जा रहा है।

युवा मोर्चा के सात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष...

मध्य प्रदेश से आशीष झाला, महाराष्ट्र से सयाली रघुनाथ कुलकर्णी, राजस्थान से हिमांशु शर्मा, पंजाब से सरदार अरमानजोत बराड़, झारखंड से अमन यादव और बिहार से राहुल झा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

84 गांवों के ..

निकाली जाती है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। मुख्य आकर्षण और पर्व की भव्यता 84 गांवों के देवी-देवताओं का मिलन होता है। विजयदशमी पर आसपास के 84 गांवों से माता कुलेश्वरी देवी, मां खंबेश्वरी देवी और राजा कचना धुर्वा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की डांग, डोली और ध्वज-पताकाएं कांदाडोंगर पहाड़ी पर पहुंचीं। इनमें ओडिशा के भी देवी-देवताओं की प्रतीकात्मक भागीदारी रही। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर झांकर बैगा, पुजारियों और सिरहाओं की अगुवाई में देवी-देवताओं ने आकर्षक नृत्य और शौर्य का प्रदर्शन किया। आदिवासी परंपरा के अनुसार विशेष पूजा-अर्चना और 'रैनी' मारकर दशहरा पर्व मनाया गया। इस दौरान चारों तरफ देवी-देवताओं के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

धार्मिक और पर्यटन के लिहाज....

संपदा इस क्षेत्र को एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र बनाती हैं। दशहरा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन एक बार फिर छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और उसकी प्राचीन विरासत का अनूठा उदाहरण पेश कर गया।

CHHATTISGARH TOURISM BOARD
UDYOG BHAWAN, 2nd FLOOR, TELIBHANDHA RAIPUR - 492 006
दूरभाष : (0771) 4024600, 4024611, 4224630 फैक्स : (0771) 4066425 ई-मेल : visitcg@gmail.com

NIT no GENS/64693/2026 Date - 15/10/2026

Notice Inviting Tender (NIT)

Subject - Notice Inviting Request for Proposal (RFP) for Selection of Contractor for Balance work with external development for Pandrapath Resort, Dist. Jashpur, Chhattisgarhas mentioned in below table

The Chhattisgarh Tourism Board (CTB) (the "Authority") has decided to Select a Contractor for Balance work with external development for Pandrapath Resort, Dist.Jashpur, Chhattisgarh. In this regard, CTB is inviting eligible bidders to submit Bid Online through Chhattisgarh e-Procurement website : https://eproc.cgstate.gov.in/ in Two cover Bid System, for the subject Project in compliance with the NIT.

Sr. No.	Name of Project	Date of issue of tender document	Last Date for sending Pre-Bid Queries	Date of Pre-Bid Meeting	Last Date for Submission of Bid (Online)	Last Date for Submission of Bid (Offline)	Date of Bid Opening
1.	Selection of Contractor for Balance work with external development for Pandrapath Resort, Dist. Jashpur, Chhattisgarh	21.10.2025	28.10.2026 Till 12:00 PM	26.10.2026 at 03:00 PM	23.11.2026 Till 05:30 PM	23.11.2026 Till 05:30 PM	25.11.2026 At 12:00 PM

Managing Director,
Chhattisgarh Tourism Board

शब्द पहेली - 6384



बाएँ से दाए-
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

ऊपर से नीचे
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

शब्द पहेली -6383 का हल



सूडोकु नवताल- 6394

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6393 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

बाजार शोध कंपनी ओम्डिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री 26% घटकर दशक के निचले स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ इकाई रह गई। बाजार शोध कंपनी ओम्डिया की जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। यह 2016 के बाद किसी तीसरी तिमाही में सबसे कम बिक्री है।

- तीसरी तिमाही में सालान आधार पर घटकर 3.58 करोड़ इकाई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी प्रमुख चीनी कंपनियों की बिक्री में गिरावट आई, जबकि सैमसंग मामूली गिरावट के बावजूद फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। एप्पल भी सालाना आधार पर बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल रही।



त्योहारों के दौरान भी बिक्री घटी

रिपोर्ट में कहा गया, 'त्योहारों के दौरान भी वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार की बिक्री सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ इकाई रह गई है। यह 2016 के बाद से तीसरी तिमाही की सबसे कम बिक्री है।'

खास बातें

- यह 2016 के बाद किसी तीसरी तिमाही में सबसे कम बिक्री
- सैमसंग मामूली गिरावट के बावजूद फिर से शीर्ष स्थान पर

वीवो दूसरे स्थान पर रहा

रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने तीसरी तिमाही में 67 लाख स्मार्टफोन की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत की मामूली गिरावट आई, लेकिन उसकी बाजार हिस्सेदारी 19 प्रतिशत रही। वीवो 64 लाख इकाई की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही।

ओपो के महंगे फोन्स की डिमांड

रिपोर्ट में ओपो तीसरे नंबर पर है, जिसने 49 लाख यूनिट्स की शिपिंग की। हालांकि उसकी गिरावट भी 24 प्रतिशत ईयर ऑन ईयर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ओपो की ए सीरीज की बिक्री पर असर पड़ा, लेकिन रेनो 16 सीरीज ने बेहतर प्रदर्शन किया जिससे महंगे फोन्स की डिमांड बनी रही। हालांकि इसमें ऑफर्स का भी रोल रहा।

शाओमी की बिक्री 28 फीसदी घटी

शाओमी की बिक्री 28 प्रतिशत घटकर 47 लाख इकाई और ओप्पो की बिक्री 24 प्रतिशत गिरकर 49 लाख इकाई रह गई। एप्पल 39 लाख इकाई की बिक्री के साथ शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल रही।

तारीफ के काबिल एप्पल

रिपोर्ट की सबसे खास बात है एप्पल की ग्रोथ। प्रीमियम स्मार्टफोन बेचकर कंपनी 5वें नंबर है। उसने 39 लाख यूनिट्स की शिपमेंट की। कहा गया है कि एप्पल ने प्राइस बढ़ाने से पहले रिटेल स्टोर्स में स्टॉक जुटा लिया था। कंपनी ने आईफोन 18 लांच नहीं किया लेकिन आईफोन 17 और 16 की डिमांड लगातार बनी रही जिसका उसे फायदा हुआ। सितंबर में आईफोन 18 प्रो और प्रो मैक्स के आने से भी एप्पल को फायदा हुआ।

दशहरा पर बंद रहा शेयर और सराफा बाजार



नई दिल्ली। दशहरा के अवसर पर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में कारोबार बंद रहा। वहीं सोने-चांदी के रेट भी जारी नहीं हुए। जबकि, शाम को एमसीएक्स में ट्रेडिंग हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 2026 के हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और करेंसी मार्केट में आज ट्रेडिंग नहीं होगी। सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट भी बंद रहा।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Bhilai- 6267136903

Appointment आवश्यकता

घरेलु स्टाफ
आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (संस्कारवान पुरुष/लड़के) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (आरो-115)

कुक
आवश्यकता है- शाकाहारी खाना बनाने के लिए कुछ चाहिए वेतन- 16000/- से 18000/- रहने की सुविधा अनुभव 5 वर्ष आधार कार्ड। अपने निवास क्षेत्र के पुलिस थाने का वेरिफिकेशन चाहिए शांति नगर, रायपुर (छ.ग.) मो- 7646843870. (आरो-231)

ऑपरेटर/टेक्नीशियन
आवश्यकता है- ELITE ELECTRICAL & SOLAR POWER Shop No. 6, Risali, Bhilai, 02- कंप्यूटर ऑपरेटर, 02- इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन की आवश्यकता है। वेतनः 10,000–15,000 प्रतिमाह (योग्यता अनुसार) इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume WhatsApp करें। मो. 99770-00162. (आरो - 346)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्समैन/सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178. (आरो-091)

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो-344)

Property प्रापर्टी

मकान
मकान बेचना है- केलाबाड़ी पद्मभनापुर दुर्ग में बना हुआ दो मकान अतिशीघ्र बेचना है। खरीददार ही संपर्क करें:-78986-93788, 91659-36854. (आरो-4176)

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से 50 मीटर पूर्ण विकसित कॉलोनी में 1409 वर्गफुट आवासीय प्लॉट बेचना है मात्र 26 लाख में कैश में लेने वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7898855268.(आरो-42041)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

CLASSIFIED RATE CARD
हरिभूमि
01 अप्रैल 2025 से लागू
समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
COLOUR
GST For All Ad

EDITION SPECIAL	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP
(Runing Matter) (Size 5x1 Box)
500 /-1 Sunday 800 /-1 Sunday
900 /-2 Sunday 1200 /-2 Sunday
1200/-3 Sunday 1500/-3 Sunday

HEALTH CARE
10X1

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782160 E-mail- hbclassified375@gmail.com

क्या आप देना चाहते है...
अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
62638-18152

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दावाओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

भरोसा, शुद्धता व परंपरा के साथ धनश्री ज्वेलर्स के 35 वर्ष पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शुद्धता, गुणवत्ता और विश्वास के साथ ग्राहकों की सेवा का सफर शुरू करने वाले धनश्री ज्वेलर्स ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक एक लंबी विरासत कायम की है। सदरबाजार स्थित इस प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1991 में विजयादशमी के शुभ अवसर पर स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण सोनी ने की थी।

- सोने-चांदी और डायमंड ज्वेलरी की विस्तृत रेंज उपलब्ध, हर खरीदी पर उपहार

तीन दशक से अधिक समय से प्रतिष्ठान पीढ़ी दर पीढ़ी ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करते हुए आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में इसका संचालन ओमप्रकाश सोनी और योगेश सोनी कर रहे हैं। प्रतिष्ठान का ध्येय वाक्य 'शुद्ध सोना, शुद्ध विश्वास-1991 से आपके साथ' इसकी कार्यशैली और परंपरा को दर्शाता है। धनश्री ज्वेलर्स के संचालक ओमप्रकाश सोनी और योगेश सोनी ने बताया कि प्रतिष्ठान की शुरुआत से ही ग्राहकों को शुद्धता और गुणवत्ता के साथ बेहतर सेवा देना प्राथमिकता रही है। उनका उद्देश्य ग्राहकों को उनकी पसंद और बजट के अनुरूप आभूषण उपलब्ध कराना है। इसी सोच के साथ यहां हॉलमार्क और एचयूआईडी युक्त सोने के आभूषणों की उपलब्धता पर ध्यान दिया जाता है। उनका कहना है कि ग्राहकों का विश्वास ही प्रतिष्ठान की सबसे बड़ी पूंजी है।



पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिजाइन तक

प्रतिष्ठान में ग्राहकों की अलग-अलग पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आभूषणों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। इसमें लाइटवेट और हैवीवेट ज्वेलरी, ब्राइडल कलेक्शन, रानी हार, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी आभूषण, अंगूठियां और चेन शामिल हैं। इसके अलावा सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी, सोने-चांदी के सिक्के, चांदी के बर्तन और मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। सोने-चांदी की घड़ियों सहित विभिन्न प्रकार के आभूषणों के विकल्प ग्राहकों को एक ही छत के नीचे मिलते हैं।

हर खरीदी पर उपहार साथ में विशेष सेवाएं

ग्राहकों के लिए हर खरीदी पर उपहार देने का ऑफर रखा गया है। इसके साथ ही प्रतिष्ठान में आभूषणों की पॉलिश, रिपेयरिंग, एक्सचेंज और ग्राहकों की पसंद के अनुसार कस्टमाइजेशन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ : भारत के डिजिटल भविष्य में हिस्सेदारी का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

जियो की कहानी भारतीय कारोबार में सबसे उल्लेखनीय बदलावों में से एक है और इसका आईपीओ निवेशकों को इसके अगले अध्याय का हिस्सा बनने का अवसर देता है। 2016 में जब जियो दूरसंचार बाजार में आया, तब वह बेहद प्रतिस्पर्धी उद्योग में 14वाँ ऑपरेटर था। उसने स्थापित तौर-तरीकों को चुनौती दी, लाखों लोगों के लिए मोबाइल डेटा किफायती बनाया और भारत में संवाद, शिक्षा, कामकाज तथा कारोबार करने के तरीके बदल दिए। आज जियो केवल एक दूरसंचार कंपनी नहीं, बल्कि भारत की जुड़ी हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था के केंद्र में मौजूद एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जियो ने ऐसा व्यापक पैमाना हासिल किया है, जिसकी बराबरी दुनिया की बहुत कम प्रौद्योगिकी कंपनियाँ कर सकती हैं। जून 2026 तक इसके 53.33 करोड़ ग्राहक थे,



जिनमें 28.49 करोड़ 5जी उपयोगकर्ता शामिल थे, और भारत के कुल डेटा ट्रैफिक में इसकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक थी। जून 2026 तक जियो ने 4जी, 5जी, 6जी और एआई-आधारित नेटवर्क ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के लिए भारत और विदेशों में 7,220 पेटेंट आवेदन दाखिल किए थे। यह एक भारतीय कंपनी की महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे स्वदेशी तकनीक को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने की संभावना बनती है। जियो निवेशकों को भारत में उभरते एआई अवसर में सीधे हिस्सेदारी देता है।

पारस हेल्थकेयर का आईपीओ 21 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। पारस हेल्थ ब्रांड के तहत अस्पताल का संचालन करने वाली पारस हेल्थकेयर ने अपने 1,450 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर (बड़े) निवेशकों से 652.5 करोड़ जुटाए हैं। कंपनी को घरेलू और वैश्विक निवेशकों से भागीदारी प्राप्त हुई है। शेयर बाजारों की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कंपनी ने 39 कोषों को 693 प्रति शेयर के मूल्य पर 94,15,584 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं।

JHAIGO Cream
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
बैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

सुमीत ज्वेलर्स की नई पहल 'सुमीत शुभारंभ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फेस्टिव सीजन में सोने की बढ़ती कीमतों के बीच ग्राहकों को किफायती दरों पर आभूषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुमीत ज्वेलर्स ने 'सुमीत शुभारंभ' के नाम से नई पहल शुरू की है। मालवीय रोड स्थित सुमीत ज्वेलर्स की इस पहल के तहत ग्राहकों को 22 कैरेट की प्लेन गोल्ड ज्वेलरी महज 2.99 प्रतिशत मेकिंग चार्ज पर मिलेगी। वहीं, 20 कैरेट की हॉलमार्क प्लेन गोल्ड ज्वेलरी 4.99 प्रतिशत मेकिंग चार्ज पर उपलब्ध होगी। इस पहल के जरिए फेस्टिव सीजन में खरीदारी करने वाले ग्राहकों को कम मेकिंग चार्ज में अपनी पसंद के आभूषण खरीदने का अवसर मिलेगा। सुमीत शुभारंभ के अंतर्गत ग्राहकों के लिए प्लेन गोल्ड ज्वेलरी की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। इसमें चेन, मंगलसूत्र, रिंग, टॉप्स, हार, बिंदिया, नथ और ब्रेसलेट जैसे आभूषण शामिल हैं। निर्धारित मेकिंग चार्ज पर उपलब्ध इस रेंज में ग्राहक अपनी जरूरत, पसंद और बजट के अनुसार आभूषण चुन सकेंगे। त्योहारों और शादी-ब्याह के सीजन को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई यह पहल ग्राहकों के लिए खरीदारी को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक कदम है। सुमीत ज्वेलर्स के संचालक अंकित कांकरिया ने बताया कि सुमीत ग्रुप ने पिछले 21 वर्षों में ग्राहकों के विश्वास और भरोसे को अपनी सबसे बड़ी पूंजी माना है। ज्वेलरी कारोबार में पारदर्शिता, गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ लंबे समय के संबंध हमेशा से समूह की कार्यशैली का हिस्सा रहे हैं। इसी विश्वास और विरासत को आगे बढ़ाते हुए सुमीत शुभारंभ की शुरुआत की गई है। कांकरिया ने कहा कि सोने की बढ़ती कीमतों के दौर में ग्राहकों को बेहतर खरीदारी का विकल्प देना जरूरी है। सुमीत शुभारंभ के माध्यम से समूह का प्रयास है कि ग्राहक कम मेकिंग चार्ज पर अपनी पसंद की प्लेन गोल्ड ज्वेलरी खरीद सकें। फेस्टिव सीजन में सोने के आभूषण खरीदने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए यह पहल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के साथ उनके विश्वास को और मजबूत करने की दिशा में की गई है।



कई शहरों तक पहुंची सुमीत शुभारंभ की पहल

सुमीत ग्रुप की मौजूदगी रायपुर के अलावा राजिम, राजनांदगांव, दुर्ग और कोरबा सहित विभिन्न शहरों में भी है। इन शहरों में सुमीत शुभारंभ के काउंटर उपलब्ध हैं, जिससे अधिक से अधिक ग्राहक इस पहल का लाभ उठा सकते हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधा: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

निषाद ने जीते 2 गोल्ड, एथलेटिक्स में भारत का बोलबाला, पदकों की संख्या 30 के पार

एजेंसी ▶▶ नागोया

भारत के लिए पैरा एशियाई खेल का तीसरा दिन शानदार रहा है। तीसरे दिन 20 अक्टूबर को 5 गोल्ड मेडल जीत लिए। इसी के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या भी 30 के पार पहुंच गई और मेडल टैली में भारत ने छठे स्थान पर जगह बना ली है।

निषाद कुमार किसी एक एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले दूसरे दिन उन्होंने लॉन्ग जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं एशियाई पैरा खेलों के पुरुष चक्का फेंक के एफ44/64 स्पर्धा में भारतीयों ने तीनों पदक अपने नाम किए, जिसमें देवेंद्र कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। भारत के लिए छठा गोल्ड अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने जीता। फिर फिर पुरुषों की एफ51/52/53 स्पर्धा में प्रणव सूरमा ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह एथलेटिक्स में भारत ने अब तक कुल 6 गोल्ड जीते हैं। वहीं एक गोल्ड भारत को पैरा शूटिंग में मोना अग्रवाल ने दिलवाया था।



दौड़ : फर्राटा धाविका सिमरन को स्वर्ण

अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने एशियाई पैरा खेलों में नए रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन तेजलबेन दामोर ने कांस्य पदक हासिल किया। सिमरन ने 24 . 80 सेकंड का समय निकाला और ईरान की हजर सफरजादेह को पछाड़ा, जिन्होंने 25 . 02 सेकंड का समय लिया। पहली बार इन खेलों में उतरी तेजलबेन ने 25.23 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। टी12 श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए हैं, जो काफी हद तक दृष्टिबाधित होते हैं।



पावरलिफ्टिंग : अशोक ने जीता रजत पदक

अशोक ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 65 किलो पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। सैतीस वर्ष के अशोक ने 192 किलो वजन उठाया। चीन के पैरालम्पिक चैम्पियन जोउ यि ने 216 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के मारगोनो को कांस्य पदक मिला। अशोक ने 187 किलो के साथ शुरुआत की जबकि दूसरे प्रयास में 192 किलो वजन उठाया। वह अंतिम प्रयास में 201 किलो नहीं उठा सके। सोनीपत जिले के गोहाना के रहने वाले अशोक को बचपन में पोलियो हो गया था। पैरा पावरलिफ्टिंग एक बेंच प्रेस प्रतियोगिता है, जिसमें शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत की परीक्षा ली जाती है। इसमें केवल एक ही स्पर्धा होती है लेकिन खिलाड़ी अलग-अलग वजन श्रेणियों में हिस्सा लेते हैं। पावरलिफ्टिंग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के कूल्हों या पैरों में कोई शारीरिक अक्षमता होती है।



रणजी ट्रॉफी

साई किशोर ने हैट्रिक समेत चटकाए 10 विकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु ने आर साई किशोर के जबरदस्त खेल के दम पर पिछले सीजन की सेमीफाइनलिस्ट उत्तराखंड की टीम को पारी और 66 रन के अंतर से मात दी। साई किशोर ने मैच में कुल 10 विकेट लिए। इस दौरान दूसरी पारी में हैट्रिक समेत छह शिकार किए। 29 साल के साई तमिलनाडु की तरफ से रणजी ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले छठे गेंदबाज हैं।

आर साई किशोर ने जबरदस्त बॉलिंग से तमिलनाडु को रणजी ट्रॉफी 2026-27 के दूसरे राउंड में उत्तराखंड पर पारी व 66 रन से जीत दिलाई। बाएं हाथ के इस फिरकी गेंदबाज ने दूसरी पारी में हैट्रिक ली और मैच में कुल 10 शिकार किए। तमिलनाडु ने गुरजपनीत सिंह व साई किशोर के चार-चार विकेटों से पिछले रणजी सीजन की सेमीफाइनलिस्ट उत्तराखंड की टीम की पहली पारी 134 रन पर ढेर की।



यूपी की लगातार दूसरी जीत, गोवा को हराया

रिंकू सिंह इन दिनों इंटरनेशनल टीम से बाहर हैं लेकिन रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के लिए उनका जलवा जारी है। रिंकू सिंह ने लगातार दूसरे मैच में रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले लेग में शतक लगाया और गोवा के खिलाफ मुकाबले में जीत के हीरो भी बने। रिंकू को इस जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया है। यूपी ने गोवा को इस मैच में 68 रन से मात दी।

तीसरा टी20: जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज क्लीन स्वीप

चौथे सबसे बड़े स्कोर के साथ भारत का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने पुराने तेवरों का शानदार नमूना पेश करके नाबाद 91 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिससे भारत ने मंगलवार को तीसरे और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिंबॉब्वे को 92 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने तीसरे टी20 मैच में 7 विकेट खोकर 216 रन बनाए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय महिला टीम का चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के 41 गेंदों में नाबाद 91 रन और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 37 गेंद पर 69 रन की मदद से 7 विकेट पर 216 रन बनाए। इसके जवाब में जिंबॉब्वे की टीम 7 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से शार्ने मायर्स ने 60 और बिलव्ड बिजा ने 44 रन का योगदान दिया लेकिन इससे केवल हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत की तरफ से नंदिनी शर्मा ने 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए।



शेफाली ने टी20 में छक्कों का बनाया रिकॉर्ड

इसी के साथ साल 2026 में शेफाली ने टी20 क्रिकेट 52 छक्के पूरे किए। वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टी20 छक्के लगाने वाली पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं और हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा। इतना ही नहीं शेफाली ने साल 2026 में सबसे ज्यादा 47 टी20 इंटरनेशनल छक्के भी लगाए हैं। एक साल में किसी भी महिला क्रिकेटर के टी20 इंटरनेशनल में यह सर्वाधिक छक्के हैं। पिछला रिकॉर्ड 2024 में चमारी अट्टापट्टु ने बनाया था, जब उन्होंने पूरे साल टी20 इंटरनेशनल में 32 छक्के लगाए थे। शैफाली इस मामले में काफी आगे निकल चुकी हैं।

10 फिफ्टी लगाने वाली पहली क्रिकेटर बनी शेफाली

भारतीय महिला टी20 टीम की नवनियुक्त उपकप्तान और स्टार बैटर शेफाली वर्मा ने एक और कीर्तिमान अपने नाम किया। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में लगातार दूसरा पचासा लगाया। साल 2026 में यह उनका 10वां पचासा था। वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी पहले ही बन चुकी थीं। अब वह टी20 इंटरनेशनल में 10 फिफ्टी एक साल में लगाने वाली भी पहली महिला क्रिकेटर बनी हैं। शैफाली वर्मा इस लिस्ट में दिग्गज मिताली राज और स्मृति मंधाना से भी आगे हैं।

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	गेंद	4	6
शेफाली वर्मा का माकुरा बो बिजा	69	37	6	5
अनुष्का का ग्वांजुरा बो सिबांडा	28	20	4	1
निकी प्रसाद का फिरि बो ग्वांजुरा	09	12	1	0
हरमनप्रीत कौर नाबाद	91	41	10	5
रिचा घोष का ग्वांजुरा बो बिजा	01	03	0	0
दीप्ति का मुपाधिकवा को माकुरा	00	03	0	0
अरुंधति का चिंगोरा बो बिजा	04	02	1	0
प्रेमा रावत रन आउट	04	02	1	0
क्रांति गौड़ नाबाद	00	00	0	0
अतिरिक्त : 10 रन, योग : 20 ओवर में 216/7 रन				
गेंदबाजी : सिबांडा 4-0-33-1, माकुरा 4-0-45-1, चिंगोरा 3-0-40-0, फिरि 3-0-33-0, ग्वांजुरा 2-0-15-1, बिजा 4-0-50-3				
जिंबॉब्वे	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
केलिस नधलोवु का प्रसाद बो गौड़	00	01	0	0
शार्ने मेयर्स का शैफाली बो प्रसाद	60	49	4	4
मोडेस्टर का घोष बो नंदनी	01	04	0	0
बिलव्ड बिजा बो नंदनी	44	50	5	0
न्याशा ग्वांजुरा बो रेड्डी	02	07	0	0
टिपानो का शैफाली बो दीप्ति	07	05	1	0
लोरिन का रावत बो नंदनी	01	02	0	0
तेंडाई माकुरा नाबाद	01	01	0	0
नोमवेलो सिबांडा नाबाद	01	01	0	0
अतिरिक्त: 07, कुल: 20 ओवर में 124 रन/7				
गेंदबाजी: क्रांति गौड़ 3-0-19-1, नंदनी शर्मा 4-0-18-3, शेफाली वर्मा 1-0-2-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-26-1, प्रेमा रावत 3-0-36-0, दीप्ति शर्मा 4-0-18-1, निकी प्रसाद 2-0-5-1।				





जापान ने मंगल के चंद्रमा पर भेजा स्पेसशिप, चीन और अमेरिका भी नहीं पहुंचे वहां से लाएगा सैंपल

टोक्यो। जापान ने अंतरिक्ष की कदम बड़ा कदम बढ़ाते हुए एक एक बहुत ही महत्वाकांक्षी स्पेस मिशन लॉन्च किया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने मंगल ग्रह के रहस्यमय चंद्रमा से नमूने लेने के लिए अभूतपूर्व अभियान के तहत मंगलवार को एक स्पेसशिप को रवाना किया। मार्शियन मून्स एक्सप्लोरेशन नाम के इस स्पेसशिप को जापान के प्रमुख एच 3 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। पांच साल के इस मिशन के लिए दुनिया की पांच अंतरिक्ष एजेंसियां एक साथ आई हैं, जिसका नेतृत्व जेएएक्सए कर रही है।



मंगल के चंद्रमा पर पहला मिशन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर अब तक 9 अंतरिक्षयान सफलतापूर्वक उतारे हैं। चीन ने भी 2021 में मंगल पर अपना यान उतारा है। लेकिन अब तक कोई भी मिशन फोबोस या उसके साथी चंद्रमा डीमोस तक नहीं पहुंच पाया है। मंगल ग्रह या उसके चंद्रमाओं से आज तक नमूने वापस लाने में भी कोई सफल नहीं हो सका है। फोबोस मंगल ग्रह की सतह से 6000 किमी की दूरी पर है। 22.5 किमी व्यास वाला यह गड्ढों से भरा चंद्रमा दिन में तीन बार मंगल के चक्कर लगाता है।

फोबोस से सैंपल लेकर आएगा मिशन

इस मिशन का लक्ष्य मंगल के चंद्रमा फोबोस से नमूने इकट्ठा करना है। फोबोस मंगल के दो छोटे चंद्रमाओं में है और ग्रह के करीब है। यह अंतरिक्ष यान अगले साल अगस्त में मंगल की कक्षा में पहुंचेगा। यह फोबोस पर एक रोबोटिक प्रोब और एक रोवर को उतारेगा। जेएएक्सए ने बताया कि यह मिशन 10 ग्राम मिट्टी और चट्टान के नमूने इकट्ठा करेगा। यह 2031 में वापस लौटेगा। मॉर्शियन मून एक्सप्लोरेशन स्पेसशिप को मंगलवार सुबह 4:41 बजे जापान के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। इसकी लाइवस्ट्रीम देखने के लिए हजारों लोग सुबह जल्दी उठ गए थे। धरती से रवाना होने के एक घंटे बाद अंतरिक्ष यान रॉकेट के ऊपरी हिस्से से अलग हुआ। इसके बाद जेएएक्सए के वैज्ञानिकों ने लॉन्च को सफल घोषित किया।

मेन लैंडर के पहले उतरेगा छोटा रोवर

इस मिशन की लागत 578 मिलियन डॉलर है। इसमें 5 टन वजनी एक अंतरिक्ष यान शामिल है। अगली गर्मियों में जब यह मंगल के पास पहुंचने के बाद यह एक छोटा फ्रांसीसी-जर्मन रोवर छोड़ेगा। अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो चार पहियों वाला यह रोवल फोबोस की सतह पर कई मिनटों तक उछलता रहेगा और फिर रुक जाएगा। यह रोवर 100 दिनों तक सतह का सर्वे करेगा, ताकि चार पैरों वाले स्थिर लैंडर- एक मुख्य यान- के आने से पहले सुरक्षित लैंडिंग और सैंपल लेने की जगह खोजी जा सके। मुख्य यान ही वहां से सैंपल जमा करेगा।

जिंदगी में सिर्फ एक बार मिलने वाला मौका

मिशन से जुड़े जर्मन स्पेस एजेंसी के रेवल प्रमुख मार्कस ग्रोबेनस्टीन ने कहा, 'यह जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। हम मंगल प्रणाली से नमूने वापस लाने वाले पहले मिशन का हिस्सा हैं।' यह लैंडर फोबोस पर केवल दो घंटे बिताएगा। इस दौरान वह ड्रिलिंग करेगा और वैक्यूम की मदद से सैंपल इकट्ठा करेगा। इसके बाद यह वापस अंतरिक्ष में रवाना हो जाएगा। मिशन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नवम्बर 2030 में मंगल की कक्षा छोड़ेगा। इसके पहले यह स्पेसशिप मंगल के दूसरे स्पेसशिप डीमोस के पास से गुजरते हुए उसका भी अवलोकन करेगा।

चीन में रोबोट को काम सिखाने के लिए इंसानों की लग रही ड्यूटी

बीजिंग। आने वाले समय में रोबोट घर के काम से लेकर फैक्ट्री और सुपरमार्केट तक में इंसानों की मदद करते नजर आ सकते हैं, लेकिन इन मशीनों को काम सिखाने के लिए आज इंसानों को ही मेहनत करनी पड़ रही है। चीन में इन दिनों एक ऐसी ही अनोखी नौकरी लोगों के बीच चर्चा में है। जहां लोग कप उठाने, बोतल का ढक्कन खोलने, बर्तन धोने और फर्श साफ करने जैसे रोजमर्रा के काम करके रोबोट को ट्रेनिंग दे रहे हैं। इन लोगों को रोबोट ट्रेनर कहा जा रहा है।

इस काम में लोगों को खास तरह के सेंसर और मोशन-कैप्चर डिवाइस पहनने पड़ते हैं। इसके बाद वे कंप्यूटर पर दिए गए सजेंशन के मुताबिक बार-बार एक ही काम करते हैं। उनके हाथों और उंगलियों की हरकतों को रिकॉर्ड किया जाता है। बाद में इसी डेटा का इस्तेमाल करके रोबोट को इंसानों की तरह काम करना सिखाया जाता है। इसका मकसद ऐसी मशीनें तैयार करना है, जो रसोई, कारखानों और दुकानों में अलग-अलग काम कर सकें। चीन के सोशल मीडिया और जॉब प्लेटफॉर्म पर इस तरह की नौकरियों के विज्ञापन बढ़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस काम से हर महीने करीब 4 हजार से 6 हजार युआन यानी लगभग 600 से 900 डॉलर तक कमाए जा सकते हैं।



नए रोजगार को लेकर लोगों की राय बंटी हुई

अब यह काम सिर्फ घरों तक सीमित नहीं है। अगस्त में शेन्जेन की कंपनी फाइसेन एआई ने सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर सड़क पर काम करने वाले लोगों की गतिविधियां रिकॉर्ड करने की पहल की। सड़क पर झाड़ू लगाने और गुजरती इलेक्ट्रिक बाइक जैसी परिस्थितियों से निपटने के दौरान उनकी हरकतों का डेटा जुटाया गया, ताकि रोबोट असली दुनिया के माहौल को बेहतर तरीके से समझ सकें।

चीन में बेरोजगारों के लिए नया काम

40 साल की लियू युन की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में नौकरी छूटने के बाद उन्हें नई नौकरी मिलने में परेशानी हो रही थी। उम्र की वजह से भी उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने रोबोट ट्रेनिंग का काम शुरू किया। बीजिंग के एक स्टूडियो में वह सेंसर वाली ब्रेसलेट और उंगलियों पर चिप जैसे डिवाइस पहनकर कप उठाने और सतह साफ करने जैसे काम करती हैं। लियू के मुताबिक, ये काम रोबोट को ट्रेनिंग देने से ज्यादा किसी छोटे बच्चे को सिखाने जैसा लगता है। हालांकि, एक ही काम को बार-बार दोहराना आसान नहीं है। वहां बड़ी स्क्रीन पर कर्मचारियों की स्पीड और काम की सटीकता दिखाई जाती है। हर दिन 160 सैंपल तैयार करने का लक्ष्य होता है, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोग 260 से ज्यादा सैंपल पूरे कर लेते हैं। लियू के लिए दिन में करीब 200 बार बर्तन धोना और टेबल साफ करना ही काफी थकाने वाला है।

भारत में होने वाली है सितारों की बारिश

वॉशिंगटन। भारत समेत दुनियाभर के देशों के लोग जल्द ही एक अद्भुत खगोलीय घटना के साक्षी बन सकते हैं। दरअसल, दो दिन बाद ओरियोनिड उल्कापात होने वाला है। इस रात आसमान से टूटते तारों की बारिश होगी। ओरियोनिड उल्कापात 21-22 अक्टूबर को अपने चरम पर होगा। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इस उल्कापात का सबसे अच्छा नजारा 22 अक्टूबर की सुबह तड़के देखने को मिलेगा, जब चंद्रमा अस्त हो चुका होगा और सुबह की धुंध अभी छाई नहीं होगी।



ओरियोनिड उल्का वर्षा क्या है : ओरियोनिड उल्का वर्षा साल की बेहद खूबसूरत खगोलीय घटनाओं में से एक है। यह खगोलीय घटना लगभग हर साल दिखाई देती है। यह उल्का वर्षा प्रसिद्ध हैली धूमकेतु के पीछे छोड़े गए धूल और मलबे के कणों से बनती है। इस मलबे से पृथ्वी हर साल अक्टूबर में गुजरती है। इससे हेली धूमकेतु के टुकड़े पृथ्वी की वायुमंडल में प्रवेश करते समय हवा से घर्षण से जल उठते हैं। इससे टूटते तारे जैसा नजारा दिखाई देता है।

ओरियोनिड उल्का वर्षा कब और कितने बजे दिखेगा

रिपोर्टों के अनुसार, भारत में ओरियोनिड उल्का वर्षा को देखने के लिए सबसे अनुकूल समय भारतीय समयानुसार लगभग सुबह 3:30 बजे से 5:15 बजे तक रहता है। शहरों के अनुसार समय में थोड़ा अंतर हो सकता है। मोटे तौर पर, यह उल्का वर्षा 22 अक्टूबर की सुबह तड़के भारत में लगभग हर जगह से दिखाई देगी। शर्त यह है कि रात का मौसम साफ होना चाहिए। बादल न होने पर रात के घने अंधेरे में टूटते तारे तेज रोशनी के साथ धरती की ओर आते दिखेंगे।

भारत में पूर्व या उत्तर-पूर्व के आसमान में दिखेगा

ओरियोनिड उल्का वर्षा को सबसे अच्छे तरीके से देखने के लिए लोगों को चंद्रमा के अस्त होने का इंतजार करना होगा। यह उल्का वर्षा में भारत में पूर्व या उत्तर-पूर्व के आसमान में देखने को मिलेगा। चंद्रमा अस्त होने के बाद, दर्शक खुले आसमान में पूर्व या उत्तर पूर्व की ओर देखते हुए इस उल्कावर्षा का आनंद ले सकते हैं। इस उल्का वर्षा की एक विशिष्ट विशेषता है। ओरियोनिड उल्काओं में से लगभग आधे उल्काएं चमकती हुई लकीरें छोड़ जाते हैं, जो आकाश में कुछ समय के लिए ठहर जाती हैं।

बेशकीमती है ये दुर्लभ पौधा, कहलाता है कलयुग की संजीवनी, विदेश में भी है भारी डिमांड

नई दिल्ली। देश में कई पेड़ दुर्लभ श्रेणी में आते हैं। ऐसे पेड़ औषधीय गुणों की खान होते हैं। एक पेड़ ऐसा भी है जो कैंसर, ब्लड प्रेशर, पीलिया और मानसिक रूप से पीड़ित लोगों के लिए संजीवनी का काम करता है। इस पेड़ की डिमांड देश-विदेश में है। यह एक औषधीय पेड़ माना जाता है। खांसी, कफ, दमा में भी सहायक है। सूजन कम करता है। इसकी छाल और पत्तियों का उपयोग घाव भरने में किया जाता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके पत्ते-छाल का इस्तेमाल नशे के लत को छुड़वाने में होता है।

भारत में कई पेड़-पौधे अब विलुप्त होने की कगार हैं। ऐसा ही एक दुर्लभ पौधा है जो दस बीमारियों को कंट्रोल करने में सहायक है। इसे



कलयुग की संजीवनी कहा जाता है। अंग्रेजी में इसे मैजिक स्लेट ट्री है। माना जाता है कि इस पेड़ की छाल से घाव बहुत तेजी से भरता है। आयुर्वेद-लोक चिकित्सा में लंबे समय से इसका उपयोग किया जाता रहा है। पुराने जमाने में इसकी लकड़ी से कटोरे बनाए जाते हैं। दूध प्राकृतिक तरीके से दही बन जाता है। इसके पत्ते का अर्क बहुत उपयोगी माना जाता है। इसका नाम दहिमन है।

बहुत ही औषधीय होती है छाल

सबसे दिलचस्प बात यह है कि दहिमन पेड़ की पत्तियां पलाश से मिलती-जुलती होती हैं। तना मजबूत होता है। इसकी छाल बहुत ही औषधीय होती है। छाल के काढ़े का इस्तेमाल नशा उतारने में होता है। छत्तीसगढ़ के जंगलों में यह पौधा बहुत पाया जाता था लेकिन अब इनकी संख्या सिर्फ 10 ही बताई जाती है। इस पेड़ को लेकर कई नए शोध हो रहे हैं। बताया जाता है कि इसमें एंटी कैंसर, एंटी बीपी जैसे कई विशेष गुण हैं। दिल्ली-हिमाचल में भी यह पौधा पाया जाता है। अब इस पौधे के संरक्षण के लिए कई लोग पर्यावरणविद प्रयास कर रहे हैं।

गंभीर बीमारियों को ठीक करने में करता है मदद: इस दुर्लभ प्लांट के बारे में कहा जाता है कि यह गंभीर बीमारियां को ठीक करने में मदद करता है। विदेश में भी इसकी मांग बढ़ी है। खाटू श्याम मंदिर दिल्ली में भी यह प्लांट लगा हुआ है। इस प्लांट को प्रेसीडेंट हाउस में भी लगवाया गया है। ब्लड प्रेशर, किडनी में सूजन, पीलिया रोग और शराब छुड़वाने के लिए भी इस प्लांट के अर्क का इस्तेमाल होता है।







डायनासोर के खात्मे के वक्त पैदा हुआ था यह अनोखा फंगस

बीजिंग। आज से करीब साढ़े छह करोड़ साल पहले हमारी धरती से डायनासोरों का वजूद पूरी तरह मिट रहा था, ठीक उसी तबाही के मलबे से जिंदगी का एक अनोखा रूप सिर उठा रहा था। चीन के जंगलों में वैज्ञानिकों को एक ऐसा विशालकाय फंगस मिला है, जो डायनासोर के खात्मे के वक्त से ही इंसानों की नजरों से छिपा बैठा था।



आधा मीटर लंबा और सवा दो किलो वजनी यह फंगस इतना बड़ा है कि इसने विज्ञान की पुरानी थ्योरी को ही पलट कर रख दिया है। डायनासोर के खत्म होने के ठीक बाद वजूद में आया यह अनोखा फंगस चीन के जंगलों में मिला है। विज्ञान की भाषा में इसे 'डियानजुनस रेक्स ' नाम दिया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com